# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 223 । भोपाल, शनिवार 12 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



सुपर वाइजर की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास — पृष्ठ 3

▪ अहो रूपम, अहो ध्वनि!
▪ नई नीतियों से पर्यावरण और पारिस्थितिकी को नुकसान — पृष्ठ 4

▪ विवाद खत्म, अब 15 अगस्त को लहराएगा जिले का सबसे ऊंचा 101 फिट राष्ट्रीय ध्वज — पृष्ठ 6

राजद्रोह कानून होगा समाप्त — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### भीषण सड़क हादसे में 10 की मौत

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद से एक बड़े हादसे की खबर सामने आई है। यहां बावला–बागोदरा हाईवे पर एक मिनी ट्रक की ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में 10 लोगों की जान जाने की खबर है। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। अहमदाबाद ग्रामीण के एसपी ने इस दुर्घटना में मौतों की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यह घटना राजकोट–अहमदाबाद राजमार्ग पर बगोदरा गांव के पास उस समय हुई जब लोगों का एक समूह पड़ोसी सुरेंद्रनगर जिले के चोटिला से अहमदाबाद लौट रहा था। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना सुबह–सुबह हुई, इसमें पांच महिलाओं, तीन बच्चों और दो पुरुषों की मौत हो गई।

### देश के 14 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के 14 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के ज्यादातर जिलों के लिए 11–14 अगस्त तक रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल के ज्यादातर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में शुक्रवार तड़के सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इसके चलते शिमला–कालका नेशनल हाईवे–5 बंद हो गया। राज्य में ह॥–21 भी लैंडस्लाइड की वजह से बंद है। इसके अलावा 242 अन्य रोड भी बारिश की वजह से ब्लॉक हैं। उत्तराखंड में केदारनाथ जाने वाला गुप्तकाशी–गौरीकुंड हाईवे पत्थर और मलबा गिरने की वजह से ब्लॉक हो गया है। हाईवे का 60 मीटर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

### आरोपी चेतन सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत, नार्को जांच की मंजूरी नहीं

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में चलती ट्रेन में तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या करने के आरोपी रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कॉन्स्टेबल चेतन सिंह को शुक्रवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इसके अलावा, अदालत ने किसी भी तरह के परीक्षण करने की अनुमति से इनकार कर दिया है। गौरतलब है, 31 जुलाई को 34 वर्षीय चेतन सिंह ने अपने वरिष्ठ अधिकारी सहायक उप–निरीक्षक टीकाराम मीन सहित ट्रेन में यात्रा कर रहे तीन यात्रियों को गोली मार दी थी, जिससे तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### स्टालिन की पत्नी ने 14 लाख का मुकुट चढ़ाया

**गुरुवायूर, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पत्नी दुर्गा स्टालिन ने केरल के गुरुवायूर में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर में सोने का मुकुट दान किया। इसकी कीमत 14 लाख रुपए है। यह मुकुट सोने के 32 सिक्कों से बना है। बताया जा रहा है कि यह मुकुट उन्हें कोयंबटूर के एक व्यापारी ने दिया था। उन्होंने चंदन घिसने के लिए दो लाख रुपए की कीमत वाली एक मशीन भी मंदिर को दान दी है। दुर्गा अपनी बहन और अन्य रिश्तेदारों के साथ मंदिर पहुंची थीं। दुर्गा स्टालिन ने जिस मंदिर में दर्शन किए, वह केरल के त्रिशूर जिले में है। यहां भगवान श्रीकृष्ण की गुरुवायुरप्पन स्वरूप में पूजा की जाती है। इस प्रसिद्ध मंदिर को दक्षिण की द्वारका के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि यह मंदिर 5000 साल पुराना है। लोककथाओं के अनुसार इसका निर्माण देवशिल्पी विश्वकर्मा ने किया था। मंदिर को इस प्रकार बनाया गया था कि सूर्य की प्रथम किरणें सीधे भगवान गुरुवायुर के चरणों पर गिरें। इस मंदिर में गैर–हिंदुओं को नहीं आने दिया जाता है।

### जो नतीजा बिहार में हुआ, वही देश में होगा : तेजस्वी यादव

**पटना, एजेंसी।** बिहार के उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर की घटना पर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये सभी लोग डरे और घबराए हुए हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि जो नतीजा बिहार में हुआ वही पूरे देश में होगा। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर गुरुवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री ने जो भाषण दिया, उससे लोगों को घोर निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों को आशा थी कि प्रधानमंत्री सही बात करेंगे, लेकिन वे विपक्ष पर ही निशाना साधते रहे।

---

शीर्ष अदालत ने कहा, समुदायों के बीच सद्भाव व सौहार्द होना चाहिए

# नफरत भरे भाषण को कोई भी स्वीकार नहीं कर सकता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने यह देखते हुए कि समुदायों के बीच सद्भाव और सौहार्द होना चाहिए, शुक्रवार को केंद्र से नफरत भरे भाषण के मामलों को देखने के लिए एक समिति गठित करने को कहा।

शीर्ष अदालत हरियाणा सहित कई राज्यों में रैलियों के दौरान एक विशेष समुदाय के सदस्यों की हत्या और उनके सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार का आह्वान करने वाले कथित घोर घृणास्पद भाषणों पर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हरियाणा में हाल ही में सांप्रदायिक झड़पों में छह लोगों की जान चली गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और

### केंद्र से समिति गठित करने को कहा

न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज को सरकार से निर्देश लेने और 18 अगस्त तक समिति के बारे में सूचित करने को कहा। पीठ ने कहा, समुदायों के बीच सद्भाव और सौहार्द होना चाहिए। सभी समुदाय जिम्मेदार हैं। नफरत फैलाने वाले भाषणों की समस्या अच्छी नहीं है और कोई भी इसे स्वीकार नहीं कर सकता है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को वीडियो सहित सभी सामग्री एकत्र करने और उसके 21 अक्टूबर, 2022 के फैसले के अनुसरण में नियुक्त नोडल अधिकारियों को सौंपने का भी निर्देश दिया। पत्रकार शाहीन अब्दुल्ला द्वारा दायर आवेदन में शीर्ष अदालत के दो अगस्त के आदेश का हवाला दिया गया। आदेश में कहा गया है, हम उम्मीद और विश्वास करते हैं कि राज्य सरकारें और पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि पहचान के ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

सौ करोड़ की लागत से बनने वाले संत रविदास मंदिर और स्मारक का करेंगे शिलान्यास

# मोदी आज सागर आएंगे, प्रदेश को देंगे कई सौगातें



**सागर/भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 12 अगस्त को सागर आयेंगे। श्री मोदी यहां बड़कुमा में सौ करोड़ की लागत से बनने वाले संत रविदास भव्य मंदिर–विशाल स्मारक का शिलान्यास करेंगे।

इस अवसर पर श्री मोदी प्रदेश में जारी समरस यात्रा के समापन के साथ ही राज्य को कई सौगातें भी देंगे। शहर में प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि श्री मोदी मध्यप्रदेश और बुंदेलखंड को एक बड़ी सौगात के रूप में बीना रिफायनरी पेट्रोकेमिकल की विस्तारीकरण परियोजनाओं का भूमि–पूजन करेंगे। बीपीसीएल की रिफायनरी वर्ष 2011 से मध्यप्रदेश में कार्यरत है, अब इसका विस्तारीकरण कर पेट्रोकेमिकल का निर्माण भी किया जाएगा। बीपीसीएल इस परियोजना पर लगभग 50 हजार करोड़ रूपए खर्च करेगी। राज्य शासन द्वारा बीपीसीएल को टैक्स में छूट और सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई है। श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी लगभग एक हजार करोड़ रूपए की लागत के 47 किलोमीटर के मोरी–कोरी–विदिशा–हिनौतिया पैकेज–1 फोर लेन तथा हिनौतिया–मेलुआ पैकेज–2 टू लेन सड़कों का भूमि–पूजन भी करेंगे। इससे मध्य भारत में बेहतर सम्पर्क के साथ–साथ पर्यटक हमारी विश्व धरोहर साँची के बुद्ध स्तूप, अशोक स्तंभ और उदयगिरि की चट्टानों पर बनाए गए गुफा मंदिरों तक आसानी से पहुँच सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी रेल मंत्रालय के अधीन कोटा–बीना रेल मार्ग के दोहरीकरण का लोकार्पण भी करेंगे। इस पर 2 हजार 476 करोड़ रूपए की लागत आएगी।

---

प्रधानमंत्री के बारे में अपशब्दों बोलने पर अधीर रंजन पर हुई कार्रवाई

# अधीर रंजन, राघव व संजय सिंह सदन से निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को सदन से निलंबित किया गया था।

अधीर का मामला भी सदन की प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया है। वहीं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को शुक्रवार को लिए गए एक महत्वपूर्ण निर्णय में राज्यसभा से सस्पेंड कर दिया गया। वहीं आप के पहले से निलंबित राज्यसभा सांसद संजय सिंह का निलंबन भी बढ़ा दिया गया है। राज्यसभा सभापति के मुताबिक दोनों सांसद विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित रहेंगे। अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को सदन से निलंबित किया गया था। अधीर का मामला भी सदन की प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया है।

### अधीर रंजन के निलंबन पर कांग्रेस ने किया मार्च



मानसून सत्र के आखिरी दिन संसद में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी के निलंबन पर इंडिया के सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकाला। इस प्रदर्शन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सभी विपक्षी सांसद शामिल हुए। उधर, राज्यसभा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी के सस्पेंशन का मुद्दा उठा।

---



मणिपुर मुद्दे पर केंद्र पर बरसे राहुल

# मणिपुर में शांति बहाली नहीं चाहते मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को संसद का मानसून सत्र खत्म हो गया। इसके बाद मणिपुर हिंसा पर राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि वह संसद और संसद के बाहर इस संकट को लेकर कुछ बोलना नहीं चाहते और इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं जिससे साबित होता है कि वह मणिपुर में शांति बहाली नहीं चाहते हैं। राहुल ने सरकार पर सीधा आरोप लगाया कि मोदी मणिपुर को जलाना चाहते हैं, बचाना नहीं। संसद में 2 घंटे के अपने भाषण में वे मणिपुर पर सिर्फ 2 मिनट बोले। ये शोभा नहीं देता।

राहुल गांधी ने कहा कि जब हम मणिपुर पहुंचे तो हमें हिंसाग्रस्त इलाकों में जाना था। जब हम मैतेई के इलाके में गए तो हमसे कहा गया कि अगर कुकी आपकी सिक्योरिटी में हुआ तो हम गोली मार देंगे। कुकी के इलाके में गए तो कहा कि मैतेई सिक्योरिटी में होगा तो उसे मार देंगे। हम जहां गए वहां से अपनी सुरक्षा में मैतेई और कुकियों को हटा दिया। यानी राज्य दो हिस्सों में बंट चुका है। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर कहा कि गुरुवार का पीएम का भाषण हिंदुस्तान के बारे में नहीं, नरेंद्र मोदी के बारे में था। उनकी राजनीति के बारे में था। प्रधानमंत्री अपने बारे में कहना चाहते हैं, 2024 में वो प्रधानमंत्री बनेंगे, ये बाद की बात है। ये वो ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

---

# राहुल की सजा बरकरार रखने वाले जज का तबादला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने देश के विभिन्न हाईकोर्ट्स में 23 जजों के तबादले की सिफारिश की है। जिन जजों का तबादला किया जाएगा, उनमें गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस हेमंत एम प्रछाक का नाम भी शामिल है। बता दें कि जस्टिस प्राछक ने बीती सात जुलाई को मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने की और इसमें जस्टिस किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल रहे।

---

# रोलर कोस्टर जैसी जिन्दगी हँसते हुए निभाने वाली देश की पहली खेल पत्रकार प्रमिला तिवारी

70-80 के दशक में देश के लगभग सभी प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं के सिनेमा वाले स्तम्भ में एक चमकता हुआ सा नाम दिख जाता था 'प्रमिला'। यह वह दौर था जब पत्रकारिता की दुनिया में गिनी चुनी महिलाएं ही हुआ करती थीं और जिस पेज थ्री के लिए प्रमिला जी की कलम चलती थी वह तो महिलाओं से पूरी तरह खाली थी। उनके जीवन में एक दौर वह भी आया जब सिने जगत की कवरेज करने की बजाय वे खेल पत्रिका की ओर मुड़ गईं और देश की पहली महिला खेल पत्रकार बनीं।
देशबन्धु पत्र समूह के उपक्रम 'स्वयंसिद्धा' की संपादक **गुल सारिका ठाकुर** ने कुछ समय पहले उनसे फोन पर लम्बी अनौपचारिक बातचीत की थी। प्रस्तुत है उस बातचीत के कुछ चुनिन्दा अंश -



- ***पत्रकारिता से जुड़ना आनायास ही हुआ या फिर आपने इसे करियर के तौर पर सोच समझकर आपनाया?***

जिंदगी में ज़्यादातर चीजें सोच समझकर नहीं होतीं, वे बस हो जाती हैं। शादी से पहले मैं पानीपत के कॉलेज में पढ़ाती थी लेकिन शादी के बाद नौकरी छोड़कर पति के साथ मुम्बई आ गई। पति ऐसा मिला जिसके साथ निभाना हर दिन के साथ मुश्किल होता चला गया और एक दिन उसने मुझे घर से ही निकाल दिया और उसी समय वैवाहिक जीवन का पटाक्षेप हो गया। उस समय भी मैं एक कॉलेज में नौकरी करती थी लेकिन वह स्थायी नौकरी नहीं थी। मेरे कॉलेज के एक प्रो.फ़ेसर डॉ. सिंह की सहायता से मेरा एक लेख नवभारत टाइम्स में छपा फिर अलग–अलग पत्र पत्रिका में आलेख छपने का सिलसिला शुरु हुआ। हिंदी अच्छी थी इसलिए कॉलेज पत्रिका की संपादक बना दी गयी। उसी दौरान धर्मयुग में कार्यरत सुरेन्द्र प्रताप सिंह से परिचय हुआ और उनकी मदद से मैं डॉ. धर्मवीर भारती से मिली जो उस समय धर्मयुग से संपादक थे। टाइम्स ऑफ़ इण्डिया के इमारत में धर्मयुग के साथ माधुरी, इलसट्रेटेड वीकली आदि के भी दफ्तर थे। उस समय माधुरी में रिपोर्टर की जरूरत थी और एक दिन डॉ. भारती ने कह दिया, मेरे पड़ोस में आ जाओ। वह माधुरी का जिक्र कर रहे थे। इस तरह मेरा पत्रकारिता में प्रवेश माधुरी के दरवाजे से हुआ।

- ***यानि करियर की शुरुआत खेल पत्रकारिता से नहीं हुई?***

बिलकुल नहीं। मैं लम्बे समय तक सिनेमा के लिए स्तम्भ लेखन और अभिनेता–अभिनेत्रियों का साक्षात्कार लेती रही, अच्छा–ख़ासा नाम कमाया उसके बाद खेल–पत्रकारिता की बारी आई।

- ***कैसा था वह दौर?***

मेरे लिए तो फ़िल्मी सितारों से मिलना, साक्षात्कार लेना सब कुछ बड़ा अनूठा सा था। मैंने सबसे पहला साक्षात्कार संगीतकार रवींद्र जैन का लिया था। चार–पांच साल माधुरी में काम करने के दौरान उस समय के लगभग सभी फ़िल्मी सितारों से दोस्ती हो गई थी। इसके अलावा बीच–बीच में धर्मयुग के लिए स्तम्भ लेखन भी कर रही थी। नाम और शोहरत के साथ इज्ज़त भी खूब कमाई।

- ***फिर खेल पत्रकारिता की शुरुआत किस तरह हुई?***

ये उसी समय की बात है। एक बार डॉ. धर्मवीर भारती ने बुलाकर पूछा, क्रिकेट की रिपोर्टिंग करना चाहोगी? मेरे तो समझ में ही नहीं आ रहा था क्या जवाब दूं क्योंकि खेल–कूद उसमें भी क्रिकेट को लेकर मेरी कोई समझ ही नहीं थी।

- ***मना कर दिया?***

अरे नहीं, मना कर देती तो वो न बनती जो आगे चलकर मैं बनी। भारती जी मुझमे वो संभावना देख रहे थे जिसके बारे में मैं खुद नहीं जानती थी। उन्होंने मुझे राजसिंह डुंगरुपुर से मिलने के लिए कहा जो उस समय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष थे। उनकी मदद से मैं कपिल देव से मिली जिनकी वजह से क्रिकेट को मैं समझ पाई। कपिल देव ने कागज़ पर रेखाएं खींचकर क्रिकेट की तकनीक को समझाया। फिर धीरे–धीरे रिपोर्टिंग करने में मजा भी आने लगा। बहुत ज्यादा व्यस्त रहती थी उन दिनों एक ओर माधुरी के लिए फुल टाइम रिपोर्टिंग का काम करती थी और दूसरी तरफ धर्मयुग और साप्ताहिक हिंदुस्तान के लिए स्वतंत्र रूप से काम कर है थी जिसमें क्रिकेट की रिपोर्टिंग होती थी।

- ***कब तक चला यह सिलसिला?***

देखिये मेरी जिन्दगी एक ढर्रे पर कभी नहीं चली, यह कहना चाहिए कि अलग–अलग रास्तों से होते हुए दौड़ती रही। विज्ञापन एजेंसी लिंटास को एक बार अनुवादक की जरुरत पड़ी और मैं उनसे जुड़ गई, मुझे लगा अब स्वतंत्र रूप से काम करना चाहिए इसलिए माधुरी छोड़ दी। लेकिन इस प्रण पर भी लम्बे समय तक कायम नहीं रह सकी। तब तक सुरेन्द्र प्रताप सिंह रविवार के संपादक बनकर कलकत्ता चले गए थे, उन्होंने बम्बई प्रतिनिधि के रूप में रविवार से जुड़ने का न्योता दिया तो मना नहीं कर पायी और रविवार के लिए काम करने लगी लेकिन चार महीने में ही नौकरी छोडनी पड़ी क्योंकि सुरेन्द्र जी ने रविवार छोड़ दिया और वहां की अंदरूनी राजनीति अपने चरम पर पहुँच चुकी थी। एक बार फिर मैंने प्रण लिया कि नौकरी नहीं करनी लेकिन इस बार उस प्रण को तुड़वाने के लिए शरद जोशी सामने आ गए। वे इन्डियन एक्सप्रेस समूह का नया अखबार 'हिंदी एक्सप्रेस' निकालने की तैयारी कर रहे थे। शरद जोशी से मेरे घरेलू सम्बन्ध थे। इसलिए हिंदी एक्सप्रेस ज्वाइन कर लिया। बदकिस्मती से हिंदी एक्सप्रेस दो साल बाद बंद हो गया।

देश के दिल मध्यप्रदेश में अनगिनत ऐसी स्त्रियाँ हैं, जिन्होंने अपने संघर्ष, परिश्रम और प्रतिभा के बल पर एक ख़ास मुकाम हासिल किया है। इस साप्ताहिक श्रंखला में आप प्रदेश की उन महिलाओं से परिचित हो सकेंगे, जिनके बारे में आपने पहले शायद कभी सुना या पढ़ा नहीं होगा।

- ***मुझे लगता है तब तक आप आर्थिक रूप से मजबूत हो चुकी होंगी और निजी जीवन में एक शांतिपूर्ण ठहराव आ गया होगा?***

मैं उस समय शांतिपूर्ण ठहराव जैसे शब्द का अर्थ भी नहीं जानती थी। आप जानती हैं न मुम्बई में घर मिल जाना बहुत बड़ी बात होती है। एक साल से ज्यादा वक्त के लिए घर नहीं मिलते थे। ऐसे में दोस्तों से मेरा अलिखित सा समझौता था कि जिसका घर बड़ा होगा बाकी दोस्तों की किताबें और क्रोकरी वहीं रखी जाएगी। इस तरह हर साल किसी न किसी की बारी आ ही जाती। आर्थिक स्थिति ठीक ठाक थी, खुद को अमीर कहूँ ऐसा तो नहीं था। जहाँ जाती पति धमकियां देते कि 'बम्बई में रहने नहीं दूंगा।' यह अलग किस्म की चुनौती थी। ऐसे में शांतिपूर्ण ठहराव की बात सोच भी कैसे सकती थी। हाँ एक बात जरुर है अगर चुनौतियाँ थीं तो मेरे आसपास मदद करने वाले लोग भी थे। रही बात काम की तो एक से दूसरी पत्रिका में कुछ कुछ समय पूर्णकालिक सेवा देने के अलावा ज्यादातर स्वतंत्र रूप से ही काम किया जिसमें मैं सिनेमा और खेल दोनों के लिए स्तम्भ लेखन और रिपोर्टिंग का काम करती।

- ***काम करने के दौरान कभी लैंगिक भेदभाव से सामना नहीं हुआ?***

इसके बिना किसी स्त्री का करियर पूरा होता है क्या? एक किस्सा सुनाती हूँ। मुझे साफ़–साफ़ महसूस होता था कि मेरे साथ पत्रकार मुझसे ईर्ष्या रखते हैं। एक बार मुझे महान क्रिकेट खिलाड़ी विवियन रिचर्ड का इंटरव्यू का करने का मौका मिले। उस समय विवियन रिचर्ड बहुत बड़े खिलाड़ी माने जाते थे। उनसे इन्टरव्यू कर पाना लॉटरी खुल जाने जैसा था। मेरे कई साथ इस काम में असफल रहे थे। जब मैं साक्षात्कार लिखकर धर्मयुग पहुंची तो वहां काम कर रहे एक वरिष्ठ साथी ने बकवास कहकर उसे फाड़कर फेंक दिया। इसके बाद मैंने साप्ताहिक हिन्दुस्तान से बात की और वहां वह इंटरव्यू प्रकाशित हुआ। इससे पहले मैं सिर्फ धर्मयुग के लिए ही खेल रिपोर्टिंग का काम करती थी।

- ***मीडिया में परिवर्तन का दौर आपके सामने ही आया या फिर उससे पहले आप काम से सेवा निवृत्ति ले चुकी थीं?***

ऐसा नहीं होता, वक्त का बवंडर सर्र से आपकी आँखों से गुजर जाता है और खुद को सबसे आगे समझने वाले आप खुद को सबसे पीछे पाते हो। मैंने हमेशा के लिए बम्बई में बस जाने का फैसला करके एक मीरा रोड पर एक फ़्लैट ले लिया, एक छोटा सा फॉर्म हाउस भी खरीद लिया। बुढ़ापे को अपने हिसाब से जीने का पूरा इंतजाम कर लिया था लेकिन जैसा सोचो वैसा कहाँ होता है। 1990 के बाद धर्मयुग ढलान पर आने लगा, कई समकालीन पत्र–पत्रिकाएँ बंद होने लगीं। दूरदर्शन का उदय हुआ, इसके अलावा नए नए चैनल भी खुलने लगे, प्रिंट मीडिया से जुड़े सभी लोग अपने अस्तित्व के लिए उस समय लड़ रहे थे। उसी समय मेरे मन में एक धारावाहिक बनाने का ख़याल आया जिसमें निर्देशक के तौर पर रमेश तलवार को लिया था कलाकार में शफी इनामदार प्रमुख हस्ती थे। धारावाहिक का निर्माण तो हो गया लेकिन उसे बेचना टेढ़ी खीर साबित हुआ। फिर भी हिम्मत न हारते हुए चार धारावाहिकों के निर्माण के बाद यह समझ बनी कि इस तरह का व्यापार मेरे बस का नहीं है।

- ***काफी पूँजी डूब गई होगी?***

काफी ज्यादा, इतनी की घर बेचना पड़ा। उस समय तो हालत ऐसे थे कि चारों ओर बस असफलता मुंह बाए खड़ी थी जैसे। इलेक्ट्रोनिक मीडिया का दौर शुरू हो चुका था और उस खांचे में मैं खुद को पूरी तरह अनफिट पा रही थी। अंत में फैसला लिया और वापस ग्वालियर आ गई। मैंने कभी खुद को सेवा निवृत्त नहीं माना, मुझ में अभी भी ऊर्जा है लेकिन मेरे भारी भरकम प्रोफाइल को देखकर को काम देने की हिम्मत ही नहीं करता। अभी मैं ग्वालियर में अपनी बड़ी बहन शीला तिवारी के साथ रहती हूँ।

*(इस इंटरव्यू के समय रेडियो सीलोन से जुड़ी प्रदेश की पहली उद्घोषक और प्रमिला जी की बड़ी बहन शीला तिवारी जीवित थीं। 20 मार्च 2023 को दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।)*

**कॉपीराइट : www.swayamsiddhaa.com**

## सार समाचार

### बेटे ने की पिता के साथ मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** फतेहगढ़ थानांतर्गत ग्राम बीलखेड़ा में एक बेटे ने अपने पिता के साथ गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी चन्दरलाल पुत्र मांगीलाल जाटव (58) ने बताया कि गत शाम वह अपने घर के बाहर बैठा था। तभी उसका लडक़ा लक्ष्मीनारायण गेंहू बेच के घर आया तो बुजुर्ग ने उससे कहा कि गेंहू क्यों बेच दिए। इसी बात पर लडक़ा लक्ष्मीनारायण ने बुजुर्ग पिता के साथ गाली गलौंच कर पत्थर से हमला कर दिया। पुलिस ने फरियादी पिता की शिकायत पर आरोपी बेटे पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### मोटरसाईकिल सवार युवक को कार ने मारी टक्कर

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत जज्जी बस स्टेंड पर एक मोटरसाईकिल सवार युवक को कार चालक ने टक्कर मार दी। मामले में फरियादी युवक ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी रिजवान खान पुत्र अबरार खान (21) निवासी श्रीराम कालोनी गत रात मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 07एनएफ9139 से जिम करके अपने घर जा रहा था। तभी एचपी पैट्रोल पंप के सामने जज्जी बस स्टेंड पर कार क्रमांक एमपी08जेडए1297 के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। जिसमें युवक घायल हो गया। वहीं मोटरसाईकिल तथा मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी कार चालक पर मामला दर्ज किया है।

### एनसीसी कैडेटों की भर्ती के लिए पीजी कॉलेज में हुई परीक्षा

**गुना, देशबन्धु।** शासकीय पीजी कॉलेज में



एनसीसी इकाई डी कंपनी में सत्र 2023-24 के एनसीसी कैडेटों की भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई। भर्ती प्रक्रिया में सर्वप्रथम कैडेटों की शारीरिक दक्षता, मेडिकल टेस्ट एवं लिखित परिक्षा कराई गई। प्रक्रिया 35 एमपी बीएन एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी सुदीप्ता घोष की अध्यक्षता में, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी. के तिवारी के संरक्षण में तथा डी कंपनी के एनसीसी अधिकारी कैप्टन मनोज कुमार भीरोरिया के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस अवसर पर कर्नल सुदीप्ता घोष, सूबेदार बलवीर सिंह हवलदार ओमप्रकाश, कैंट बॉयज के एनसीसी अधिकारी सेकंड अफसर यशवंत शर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय के एनसीसी अधिकारी थर्ड अफसर एल के शर्मा, क्रमांक 2 के एनसीसी अधिकारी संजय झा एवम डी कंपनी गुना के पूर्व सीनियर कैडेट्स अंकित ओझा, अभिषेक सिंह कुशवाह, रिमी सिंह गौर, निकिता शर्मा उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सत्र 2023-24 के लिए जिम्मेदार कैडिट्स को रैंक भी बांटी गई। जिसमें आदित्य जाट को सीनियर अंडर ऑफिसर की रैंक दी गयी। भर्ती प्रक्रिया के बाद कर्नल सुदीप्ता घोष द्वारा कैडेट्स को एनसीसी एवं आर्म्ड फोर्सेस के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। कार्यक्रम की समाप्ति एनसीसी गान के साथ की गई।

## पत्रकारों से हुए रूबरू हुए पूर्व मंत्री, लगाए राज्य सरकार पर आरोप

# भाजपा के राज में किसानों की आय आधी ही रह गई : जयवर्धन

**गुना, देशबन्धु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा किसान का भाव 1-2 रुपए किलो तो व्यापारी का 200-300 रुपए क्यों? श्री सिंह आज यहां पत्रकारों से रूबरू थे।

उन्होंने किसानों पर बात करते हुए कहा कि जनता को यह अच्छी तरह पता है कि जो वादा भाजपा ने आज से 9 साल पहले किया था कि नरेंद्र मोदी और शिवराज सिंह चौहान किसानों की आय दो-गुनी कर देंगे उसका क्या हुआ? इसके उलट भाजपा के राज में किसानों की लागत दोगुनी हो गई है और किसानों की आय आधी ही रह गई है।

उन्होंने कहा कि लगभग सभी फसलों के जो दाम यूपीए सरकार के समय थे आज इतने साल बाद भी लगभग वही दाम किसान को मिल पा रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि टमाटर की फसल को देख लें जब किसान के पास फसल होती है तो उसका दाम एक-दो रुपए पहुंच जाता है और जैसे ही वही फसल व्यापारी के पास पहुंचती है तो उसके भाव आसमान 200-300 रूपये किलो तक पहुंच जाते हैं। जयवर्धन ने मीडिया से सवाल पूछा कि ऐसा आखिर क्यों है?



जयवर्धन ने कहा कि हमें चिंता इस बात की है कि आखिर भाजपा मुख्यमंत्री के रूप मे शिवराज सिंह का नाम घोषित क्यों नहीं कर रही है। भाजपा की ऐसी क्या मजबूरी है कि जो यात्रा वे निकालने जा रहे हैं उसमें सिर्फ नरेंद्र मोदी को प्रोजेक्ट कर रहे हैं।

सरकारी भर्तियों में जो अभी घोटाला हुआ है उससे शिक्षित युवा बहुत नाराज है। हर शिक्षित बेरोजगार का यही सवाल है कि ऐसा क्यों है कि जब-जब शिवराज सिंह सत्ता में रहे हैं तो सरकारी भर्तियों में योग्यता के आधार पर भर्ती नहीं हुई बल्कि पैसों के बल पर भर्तियां की गई है। शायद यही सब देखकर भाजपा परेशान है क्योंकि शिवराज सिंह भले ही मुख्यमंत्री हैं लेकिन न तो उनका माहौल है और न ही जनता उन्हें चाह रही है। इसी कारण भाजपा मुख्यमंत्री का नाम नहीं बता पा रही।

**लाड़ली बहनों को 3 हजार नहीं दिए तो वे माफ नहीं करेंगी :** जयवर्धन सिंह ने व्यंग्य करते हुए कहा कि हर भाषण में शिवराज सिंह वादा करते हैं कि दस तारीख आने वाली है, सारी बहनें इंतजार कर रही थीं कि इस बार तो मामा 3 हजार देंगे। लेकिन उन्होंने इस बार भी नहीं दिये।

अब रक्षाबंधन तक और लाडली बहनें इंतजार कर रही है। अब तो बहनों को 3 हजार दे दीजिये। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर चुनावों के पहले बहनों को मामा ने 3 हजार नहीं दिये तो बहने उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी।

## कलेक्ट्रेट में तैनात महिला होमगार्डो ने दिए कपड़े और खिलौने

# लापता 2 बच्चों की मां का सुराग नहीं, संयुक्त कलेक्टर ने की पुलिस अधीक्षक से बात



**गुना, देशबन्धु।** इलाज के लिए निकाली 2 बच्चों की मां को गायब हुए एक सप्ताह होने को है, लेकिन अभी तक पुलिस उसका कोई सुराग नहीं लगा पाई है। वहीं मां के बिना बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। अपनी मां को खोजने की गुहार लगाकर बच्चे अपने पिता के साथ रोज कलेक्टोरेट पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को जब रोते-बिलखते बच्चे कलेक्टोरेट पहुंचे तो इन्हें देखकर हर किसी का दिल रो पड़ता है। अपने पिता के साथ रोते-बिलखते बच्चे कलेक्टोरेट पहुंचे तो यहां ड्यूटी पर तैनात महिला सुरक्षाकर्मियों की भी ममता रो पड़ी। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ बच्चों को लाड़ दुलार कर बच्चों को कपड़े, खिलौने और खाने-पीने का इंतजाम कराया। बल्कि डिप्टी कलेक्टर से बच्चों एवं उनके पिता की मुलाकात कराकर उनकी पीड़ा सुनाई।

दरअसल छतरपुर जिले के ग्राम बछौन थाना चंदला निवासी रूप सिंह पिता गुरदीन सिंह गौतम (35) अपनी पत्नी प्रियंका गौतम (24) के साथ गुना के हरिपुर स्थित पानी की टंकी पर मजदूरी करने आया था। यहां वह प्लांट पर ही टपरिया बनाकर रहने लगे थे। गत 5 अगस्त को सुबह 10 बजे उसकी पत्नी प्रियंका इलाज कराने का बोलकर गुना आई थी। तभी वे वह घर वापस नहीं लौटी।

इस संबंध में उसने कैंट पुलिस से लेकर कलेक्टोरेट में अपनी पत्नी ढूंढवाने की गुहार लगाई है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में तैनात होमगार्ड सुरक्षा कर्मी वंदना जोशी से दो बच्चों की पीड़ा देखी नहीं गई और उसने तुरंत बाजार जाकर राशन सामग्री और बच्चों को कपड़े लाकर दिए। वहीं संयुक्त कलेक्टर फातिमा जी से मिलवाया। जिन्होंने तुरंत एसपी राजेश कुमार सागर से बात की।

# कुटीर के लिए जेवर बेचकर दिए थे पैसे, अब तो पत्नी भी लड़ने लगी साहब...



▶ पुरानी छावनी के लोगों के साथ हुई धोखाधड़ी, कलेक्टर से की शिकायत

**गुना, देशबन्धु।** शहर सहित जिलेभर में पीएम आवास को लेकर गरीब परेशान हो रहे हैं। इसी परेशानी का फायदा ठग जमकर उठा रहे हैं। सिटी कोतवाली थानांतर्गत पुरानी छावनी निवासी चार लोगों के साथ कैंट के एक व्यक्ति ने कुटीर दिलाने के नाम पर 60 हजार रुपए से अधिक रुपए ऐंठ लिए। यहीं नहीं उसने बकायदा एक फर्जी लिस्ट बताकर कुटी में नाम आना भी बता दिया। छावनी निवासी इन गरीबों ने अपनी पत्नियों के जेवरात बेचकर बिचौलिए को पैसे दिए थे। अब कुटी भी नहीं मिली और रकम भी चली गई तो पत्नियां अपने पतियों से आए दिन लड़ रही है।

गत दिवस कलेक्टोरेट पहुंचे फरियादी अशोक साहू, देवेन्द्र साहू, राजू साहू एवं दीपक साहू सहित अन्य ने बताया कि वह वार्ड क्रमांक 7 के निवासी है। उन्हें एक साल पहले कैंट के रहने वाले जगदीश सेन ने कुटी के नाम पर पांच-पांच हजार रुपए लिए थे। बाद में एक झूठी लिस्ट दिखाकर दस-दस हजार रुपए और ऐंठ लिए। लेकिन एक साल बाद भी न तो कुटीर के अते-पते हैं और न ही पैसों के। फरियादियों में से देवेन्द्र साहू ने तो अपनी पत्नी के जेवर बेचकर पैसे दिए थे। अब न तो कुटी मिली रही है और जेवर भी बिक गए तो आएं दिन पत्नी देवेन्द्र से लड़ रही है। इस संबंध में फरियादीगणों ने कलेक्टर को दिए आवेदन में आरोपी जगदीश पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

### डाक विभाग ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर लगाई प्रदर्शनी

**गुना, देशबन्धु।** डाक विभाग ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदर्शनी लगाई गई है। ताकि विभाजन के समय लोगों ने किस तरह से यातनाओं को झेलते हुए अपने प्राणों की आहूति दे दी, आम नागरिक उस दर्द को महसूस कर सकें। प्रदर्शनी के संबंध में डाक अधीक्षक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पिछले 15 अगस्त को प्रत्येक वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाए जाने की घोषणा किया था। उसी के क्रम में भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा विभाजन विभीषिका की याद में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने के लिए सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत डाक संभाग गुना द्वारा 10 अगस्त से 14 अगस्त तक प्रधान डाकघर गुना में प्रदर्शनी लगाई गई है। ताकि विभाजन के समय की विभीषिका को आम जनमानस तक पहुंचाया जा सके। इस समय यह प्रदर्शनी डाक विभाग में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। श्रीवास्तव ने कहा कि खास तौर से देश के इतिहास में रुचि रखने वाले छात्र, साहित्यकार, कवि इस प्रदर्शनी को देखने के लिए जरूर आएं ताकि वो जान सकें कि विभाजन का दर्द किस तरह से उस समय लोगों ने झेला है। प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से उस समय की अनेक घटनाओं संघर्षों तथा उनकी पीड़ा को रेखांकित किया गया है।

### आरोन पुलिस ने दबोचे जुआरी और सटोरिए

**गुना, देशबन्धु।** जिले की आरोन पुलिस द्वारा तीन जुआरियों एवं सटोरियों को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में ड्यूटी कर रही पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोन में पशु चिकित्सालय के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो दीवार की आड़ से छिपकर तीन लोग जुआ खेल रहे थे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा। जिन्होंने अपने नाम बद्री पुत्र मिश्रीलाल सहरिया निवासी बमूरिया, सुनील पुत्र रूपचंद चौरसिया निवासी बरबटपुरा एवं निराले मिया पुत्र अब्दुल नबी निवासी बरबटपुरा बताएं। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी के अलावा 590 रुपये नगदी बरामद किए। पुलिस ने जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसी तरह आरोन पुलिस ने ही बरबटपुरा में बालाजी स्कूल के पास एक सट्टे की पर्ची काटते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सटोरिया संतोष पुत्र शंकर गिरी निवासी बरबटपुरा को पकडक़र उससे 335 रुपये, एक लीड पैन एवं व दो सट्टा अंक लिखी पर्ची जप्त की है। जिस पर पुलिस ने धारा 4 (क) सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# वन विभाग की टीम ने अवैध सागौन से भरा आटो पकड़ा



**आष्टा, देशबन्धु।** वन माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में वन माफियाओं की हर चालाकी पर वन विभाग की टीम भारी पड़ती नजर आ रही है। ऐसा ही एक मामला रेंजर राजेश चौहान व उनकी गश्त टीम द्वारा बुधवार को देखने में आया जब बड़खोला निवासी आरोपी आमिर खॉन आटो क्रमांक एमपी 37 एन 1491 से अवैध सागौन 28 नग भरकर जंगल से आष्टा की ओर निकला था, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि आटो में ऊपर सोयाबीन रखा है एवं पीली रंग की बरसाती से ढका हुआ है, जिसके ऊपर एक मोटरसायकिल भी रखी हुई है। रेंजर श्री चौहान के निर्देश पर विभागीय टीम ने ग्राम खाचरोद बिजली घर के सामने आटो को घेराबंदी कर रोका एवं चेक किया तो उसमें ऊपर सोयाबीन व नीचे सागौन रखी हुई मिली। बौखलाए आरोपी ने घटना स्थल पर वन विभाग की टीम से आटो को छुड़ाने के लिए प्रयास भी किया परंतु स्थायीकर्मी ओमप्रकाश मेवाड़ा ने कहा कि चाहे कुछ भी हो जाये, आटो, मोटरसायकिल और अवैध लकड़ी को नहीं जाने दूंगा, जिसके बाद आरोपी के साथ कुछ झूमाझटकी हुई पर वन विभाग की टीम के हौंसले के आगे उनकी एक न चली। इतनी देर में वन विभाग का अतिरिक्त स्टॉफ मौके पर पहुंच गया। जिसको देखकर आरोपी के साथी आरोपी को छोड़ने में नाकाम रहे और मौके से भाग गए। आरोपी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया है कि उक्त लकड़ी खिवनी अभ्यारण्य के जंगल से लाया है एवं आष्टा के व्यापारी को देना थी।

रेंजर राजेश चौहान ने बताया कि आरोपी आमिर के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया है वहीं मोटरसायकिल क्रमांक एपी 04 एमवी 1027 एवं तिपहिया आटो क्रमांक एमपी 37 एन 1491 के विरूद्ध राजसात की कार्यवाही की जा रही है और जप्त दोनों वाहन व सागौन इमारती लकड़ी 28 नग की कीमत 3 लाख रुपए आंकी गई है। वन विभाग को मिली इस सफलता में रेंजर राजेश चौहान डिप्टी राजू गाढ़े, शैलेष कुमार सिंह, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, रंजना भालसे वनरक्षक कपिल यादव, चंचल चंदेल, जितेन्द्र ठाकुर, स्थायीकर्मी ओमप्रकाश मेवाड़ा, भेरू सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### शासकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**शिवपुरी, देशबन्धु।** मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत आज शासकीय महाविद्यालय नरवर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सैनिक राजेंद्र गुर्जर का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी प्रोफेसर धर्मेन्द्र रावत द्वारा छात्र-छात्राओं को वीर स्वतंत्रता सैनिकों के संस्मरण पर जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर नवल किशोर द्वारा भी छात्र-छात्राओं को राष्ट्र के प्रति कर्तव्य व उत्तरदायित्व के निर्वहन की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि राजेंद्र गुर्जर द्वारा भी छात्र-छात्राओं को सैनिक जीवन व देशभक्ति संबंधी महत्वपूर्ण दायित्व व कर्तव्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर डॉ. रूपेश श्रीवास्तव द्वारा एवं आभार रामनरेश इंदोरिया द्वारा व्यक्त किया गया। इस दौरान महाविद्यालय प्रांगण में सभी ने वृक्षारोपण भी किया।

### मतदाता जागरुकता अभियान अंतर्गत मोटरसाईकिल रैली निकाली

**शिवपुरी, देशबन्धु।** तहसील नरवर में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शासकीय महाविद्यालय नरवर से बाइक रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर नवल किशोर द्वारा छात्र-छात्राओं की रैली को महाविद्यालय प्रांगण से रवाना किया गया। रैली मतदान जागरूकता के नारों व जागरुकता बैनर के साथ नरवर तहसील के मुख्य मार्ग से होकर गुजरी एवं क्षेत्र का भ्रमण कर वापस महाविद्यालय प्रांगण में आकर समाप्त हुई। इस मौके पर रैली के माध्यम से जनता में मतदान जागरूकता संबंधी संदेश प्रसारित किया गया। रैली में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रूपेश श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर राज देशमुख व समस्त महाविद्यालय स्टाफ सम्मिलित हुए।

# जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएफओ और सीईओ ने रोपे पौधे

▶ मेरी माटी मेरा देश अभियान, अमृत सरोवर तालाब पर किया पौधारोपण

**शिवपुरी, देशबन्धु।** मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत शुक्रवार को बदरवास जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत झूलना के वेरखेड़ी नाला पर स्थित अमृत सरोवर नवीन तालाब पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृहद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में यहां पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पंच प्रण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, डीएफओ सुधांशु यादव, जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी, ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक डॉ.अरविंद भार्गव सहित अन्य अधिकारीगण और ग्राम पंचायत के ग्रामीणजन मौजूद रहे।

इस मौके पर मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत झूलना वेरखेड़ी नाला में बनाए गए नवीन अमृत सरोवर तालाब पर झंडा वंदन किया गया। यहां पर बच्चों के द्वारा तिरंगा यात्रा भी निकाली गई जिसमें बच्चों के साथ-साथ ग्रामीणजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्ष नेहा यादव ने ग्रामीणजनों से पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जा रहे सरकार के प्रयासों में आमजन से भागीदारी निभाने की अपील की। इस मौके पर डीएफओ सुधांशु यादव ने भी वन संरक्षण के लिए किया जा रहे अपने विभाग के कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को दी।

जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने वेरखेड़ी नाला में बनाए गए नवीन तालाब निर्माण की जानकारी दी और किस तरह से यहां पर इस नवीन तालाब से ग्रामीणजनों को फायदा होगा इसके बारे में बताया। इस मौके पर ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव सहित ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारीगण और वन विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक आयोजित किया जाएगा

**सीहोर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त समारोह पूर्वक आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में शासन द्वारा शीघ्र जारी आदेशानुसार जिला स्तर पर मंत्री या कलेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा एवं राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा। परेड के आयोजन में पुलिस, होमगार्डस, एनसीसी इत्यादि द्वारा परेड का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। संदेश के अलावा कोई वाचन नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा सुनिश्चित की जाए। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर मुख्य सार्वजनिक भवनों और राष्ट्रीय महत्व की इमारतों में 14 एवं 15 अगस्त की रात में प्रकाश की व्यवस्था की जाए। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, कारगिल में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों एवं लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जाए एवं वृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को जिला कलेक्टर अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि घर जाकर शाल, श्रीफल से सम्मनित करेगें। इसी प्रकार जनपद पंचायत मुख्यालय में जनपद अध्यक्ष द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा तथा समारोह में सामूहिक राष्ट्रगान गाया जाएगा।

### हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियां जोरों पर

सीहोर, देशबन्धु। आज़ादी का अमृत महोत्सव के समापन के रूप में पूरे जिले में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत अनेक स्थानों पर आयोजन हो रहे है। इसी प्रकार जिले के हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से लहराएगा। हर घर तिरंगा अभियान 13 से 15 अगस्त तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। जिले भर में तिरंगा सजाने की तैयारियां बडी जोर से चल रही है। इसके तहत जनपद पंचायत इछावर, जलसंसाधन सीहोर, लोक निर्वाण विभाग सीहोर और उप संचालक पशु चिकित्सा सीहोर में कार्यालय के सामने गेट को तिरंगा से सजाया गया है। इस कड़ी में अन्य स्थानों पर तिरंगा से सजाया जा रहा है। हर घर झंडा अभियान को सफल बनाने के लिए जिले से स्व-सहायता समूह की दीदियां झण्डा तैयार करने के साथ विक्रय करने में लगी हैं। जिला पंचायत परिसर में समूह की महिलाओं ने झण्डे के विक्रय के लिए अपनी स्टॉल लगाई। हर व्यक्ति अपने-अपने घरों में तिरंगा खरीद कर अवश्य लगाएं। मेरी माटी मेरा देश अभियान शहीद वीर और वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए शुरू किया गया है।

## औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा विभाग संभाग उज्जैन ने दिया

# जर्मनी लैंक्सेस कंपनी के उद्योग प्रबंधक को नोटिस

✷ कैलाश सनोलिया

**नागदा , देशबन्धु।** औद्योगिक शहर नागदा में संचालित बहुराष्ट्रीय जर्मनी कंपनी लैंक्सेंस औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग संभाग उज्जैन ने शोकाज नोटिस जारी किया है। यह नोटिस मुबंई स्थित उद्योग के कारखाना अधिभोगी बलराम पिता गोविंद खूंट एवं स्थानीय प्रबंधक पंकज चौधरी को उद्योग में हुई दुर्घटना में एक मजदूर के गंभीर रूप से घायल होने पर दिया गया है। इसके साथ ही 7 दिनों के भीतर प्रबंधन से जवाब तलब किया है।

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उज्जैन संभागीय कारखाना निरीक्षक हिमांशु सालोमन से संपर्क करने पर उन्होंने पुष्टि की है कि लैक्सेंस कंपनी के मुबई स्थित कारखाना अधिभोगी बलराम खूंट एवं स्थानीय प्रबंधक पंकज चौधरी को शोकॉज नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि




लैंक्सेस उद्योग नागदा में ठेका मजदूर युसूफ पिता जमीर खां (40) उद्योग में एक शेड का कार्य करते समय लगभग 4 मीटर उंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जो कि जेके कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधीन कार्यरत था। घायल को उद्योग प्रबंधन द्वारा उसी दिन उज्जैन स्थित पाटीदार हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। घायल के शरीर में 3 जगह फैक्टचर हुए हैं। अभी तक 2 ऑपरेशन हो चुके हैं। इस दुर्घटना की जांच उसी दिन मौके पर पहुंचकर की गई। जांच में सुरक्षा के प्रति उद्योग प्रबंधन की 3 बड़ी लापरवाही सामने आई। प्रबंधन को कारखाना अधिनियम की धारा 7 में कार्यवाही के लिए शोकॉज नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

उल्लेखनीय है कि कंपनी की इस इकाई में कार्बनिक रसायनों का उत्पादन किया जाता है। दुर्घटना के दिन लैक्सेसं उद्योग प्रबंधक की तरफ से निलेश मेहता ने मीडिया में बयान जारी कर अपना पक्ष रखा। जिसमें यह बताया था कि शेड बदलते समय एक मजदूर गिरकर घायल हो गया। जिससे उसके पैर में चोट आई है। लेंक्सेस उद्योग में ठेका मजदूर था। मजदूर को चोट लगने की जानकारी मिलते ही उद्योग प्रबंधन द्वारा तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उद्योग प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार उद्योग द्वारा मजदूर के इलाज का पूरा खर्च दिया जाएगा। इसके अलावा आर्थिक सहयोग के लिए चिकित्सा के अंतर्गत मेडिकल अवकाश लेने पर श्रमिक को उद्योग द्वारा नियमानुसार दैनिक वेतन का भुगतान भी किया जाएगा।

# सुपर वाइजर की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**भोपाल, देशबन्धु।** एमपी नगर थाना क्षेत्र में यूनियन बैंक के पास निर्माण सदन में तैनात सुरक्षाकर्मी (गनमैन) ने अपने ही सुपरवाइजर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में प्रधान सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को साक्ष्य के आधार पर आरोपी को आजीवन कारावास सजा सुनाई है।

अभियोजन के अनुसार गणेश नगर, नारियलखेड़ा निवासी 52 वर्षीय राजकुमार ठाकुर सेना से नायब सुबेदार के पद से सेवानिवृत्त थे। वे सर्वोदय सिक्योरिटी एजेंसी में सुपरवाइजर के पद पर थे। 30 सितंबर 2021 को उनकी ड्यूटी निर्माण सदन में थी। उनके साथ सेना से सेवानिवृत्त महेंद्र कुमार तिवारी बतौर सुरक्षाकर्मी पदस्थ था। राजकुमार सुबह करीब साढ़े 9 बजे सुपरवाइजर निर्माण सदन पहुंचा। इसी बीच दोनों में वेतन कटने की बात को लेकर कहासुनी हो गई। चूंकि महेंद्र को संदेह था कि सुपरवाइजर के कहने पर उसका वेतन काटा गया है। इससे गुस्साएं महेंद्र तिवारी ने राजकुमार ठाकुर को 12 बोर बंदूक से दो गोली मार दी। इसके बाद आरोपी भागने लगा। लेकिन घबराहट में वह घटना स्थल से थोड़ी दूर एक वाहन से टकराकर गिर गया। इसी दौरान लोगों ने उसे दबोच लिया। इस बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने राजकुमार ठाकुर को तुरंत जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में एमपी नगर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। वहीं अदालत ने इस मामले में सुनवाई पूरी करने के बाद शुक्रवार को आरोपी महेन्द्र तिवारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बताया गया है कि घटना में मृत राजकुमार मूलतः नेपाल के रहने वाले थे। उनके एक बेटा, दो बेटियां हैं। बेटा अजीत इंफोसिस कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है।

# एंबुलेंस आने में हुई देरी तो आरपीएफ जवान ने घायल को ऑटो से अस्पताल पहुंचाया



**भोपाल, देशबन्धु।** रेलवे पटरी पर घायल पड़े युवक को आरपीएफ जवानों ने एंबुलेंस समय पर नहीं आने पर ऑटो से अस्पताल पहुंचाया। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता सूबेदार सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष से सूचना मिली। सूचना देने वाले युवक ने बताया कि सांची– विदिशा के मध्य डाऊन मार्ग पर एक व्यक्ति पटरीयों के बीच में पड़ा हुआ है। इसके तुरंत बाद आरपीएफ आरक्षक मोहित, आरक्षक चन्द्रशेखर तत्काल घटनास्थल पहुंचे जहां उन्होंने पटरीयों के बीच में एक युवक को घायल अवस्था मे पड़े हुए देखा, जिसके सिर में चोट लगी हुयी थी। इस पर 108 एंबुलेंस को एवं सिविल थाने पर सूचना दी। एंबुलेंस समय पर नहीं आने पर आरक्षक रावेंद्र एवं मीठालाल पोस्ट से स्ट्रेचर लेकर पहुंचे तभी सिविल थाना से भी स्टाफ आया। घायल को पटरी से उठाकर ऑटो में रखा और और उपचार के लिए सिविल अस्पताल विदिशा में भर्ती कराया जहां घायल का उपचार किया जा रहा है । अभी घायल व्यक्ति की पहचान नहीं हुई है।

## प्रस्तुति आज

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 12 अगस्त को शाम 7 बजे से भैरूसिंह चौहान एवं साथी, इंदौर द्वारा कबीर पद गायन एवं रामलखन एवं साथी, श्योपुर द्वारा लहंगी नृत्य की प्रस्तुति दी जायेगी।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना दिनांक : 11.08.2023**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सम./पश्चिम मध्य रेल भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 15:30 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, एवं मण्डल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल भोपाल के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा, तथा मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। निविदाकारों से निवेदन है, कि वह जीएसटी कानून 2017 के प्रावधानों के अनुसार अपने दर तथा निविदाए प्रस्तुत करें। **क्र.सं.: 1- NIT No.:** WCR-BPL-W-23-24-N-08-55, **Date:** 09.08.23, **Name of work including Location:** सीनियर डीईएन (एन) अनुभाग:- 60 किलोग्राम के एटी वेल्डिंग 90-यूटीएस/आर-260 रेल भागों का निष्पादन और आपूर्ति सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ सीनियर डीईएन/एन/बीपीएल सेक्शन के तहत, **Estimated cost of tender (₹):** 12829164.74, **Earnest Money (₹):** 214200.00, **Last date for submitting tender:** 31.08.2023, **Concerned Sr. DEN/DEN:** Sr. DEN (N) BPL, **क्र.सं.: 2- NIT No.:** WCR-BPL-W-23-24-C-21-53, **Date:** 04.08.23, **Name of work including Location:** गंजबासौदा- प्लेटफार्म क्रमांक 2,3 एवं 4 पर शेड कवर का विस्तार, **Estimated cost of tender (₹):** 19481716.34, **Earnest Money (₹):** 247400.00, **Last date for submitting tender:** 28.08.2023, **Concerned Sr. DEN/DEN:** Sr. DEN (C) BPL, **क्र.सं.: 3- NIT No.:** WCR-BPL-W-23-24-C-22-54, **Date:** 04.08.23, **Name of work including Location:** ओबेदुल्लागंज डिपो में 65 मिमी गेज 125000 क्यूबिक मीटर मशीन क्रश्ड ट्रैक गिट्टी की आपूर्ति और हॉपर में लोडिंग, **Estimated cost of tender (₹):** 95082500.00, **Earnest Money (₹):** 625400.00, **Last date for submitting tender:** 28.08.2023, **Concerned Sr. DEN/DEN:** Sr. DEN (C) BPL

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल**

कोरोना को भगाना है,
मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।


# जहाज रेस्टोरेंट में चल रही थी शराब पार्टी, आबकारी विभाग ने की कार्रवाई



**भोपाल, देशबन्धु।** केरवा रोड स्थित जहाज रेस्टोरेंट में शुक्रवार को दिन में ही अवैध शराब पार्टी चल रही थी। इसकी सूचना मिलने के बाद आबकारी विभाग के अफसरों ने अचानक दबिश दी और शराब जब्त की। इसके साथ ही रेस्टोरेंट में शराब पी रहे 12 युवकों पर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए। बताया गया है कि पहले भी यहां पर अवैध शराब पार्टी और विक्रय को लेकर कार्रवाई की जा चुकी है प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा ने जहाज रेस्टोरेंट में अवैध शराब पार्टी की सूचना मिलने के बाद आबकारी कंट्रोलर सजेंद्र मोरी के नेतृत्व में टीम बनाई। इसके बाद टीम जहाज रेस्टोरेंट में पहुंची तो यहां दिन में ही अवैध रूप से शराब पार्टी चल रही थी। इस पर टीम ने यहां बिना अनुमति शराब पी रहे 12 युवकों पर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए। इस दौरान रेस्टोरेंट की तलाशी में संचालक विनय चंदेल के आधिपत्य से 29 बोतल बीयर बरामद होने पर मप्र आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। चूंकि इससे पहले भी इस रेस्टोरेंट पर अवैध मदिरा पान के 18 प्रकरण और प्रबंधक के खिलाफ भी अवैध शराब के विक्रय प्रकरण दर्ज होने से आदतन अपराधी की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में उप निरीक्षक संजय जैन, अपर्णा राव, रमेश अहिरवार, स्वाति बघेल आदि शामिल थे। आबकारी आयुक्त रायचुरा ने बताया कि अवैध मदिरा के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# मोटर साइकिल शोरूम संचालक ने ग्राहक से की धोखाधड़ी

**भोपाल, देशबन्धु।** गौतम नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने एक शोरूम से नकद रुपये जमा कर मोटर साइकिल खरीदी थी। शोरूम के संचालक ने युवक के दस्तावेज इस्तेमाल करके वही मोटर साइकिल किसी और के नाम पर फाइनेंस भी कर दी थी। घटना का पता तब चला जब फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने किस्त जमा नहीं होने पर युवक से उसकी मोटर साइकिल छीन ली। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने शोरूम संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी को प्रकरण दर्ज कर लिया है।

गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक बिसनखेड़ा, इछावर जिला सीहोर निवासी 32 वर्षीय अरविंद पुत्र लक्ष्मीनारायण निजी काम करता है। अरविंद ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया कि उसने मार्च 2016 में बैरसिया रोड पर डीआइजी बंगला स्थित सुरजीत बजाज शोरूम से एक मोटर साइकिल नकद राशि देकर खरीदी थी। उसके बाद से वह मोटर साइकिल का इस्तेमाल कर रहा था। गत 24 जुलाई को वह इंदौर में था, तभी मंगलम फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने उसे मोटर साइकिल के साथ रोका और गाड़ी सीज करने की बात कही। इससे वह हैरान हो गया। वह गाड़ी लेकर कर्मचारियों के साथ उनके आफिस पहुंचा। वहां उसे बताया गया कि उसकी गाड़ी पर फाइनेंस हुआ है। बाइक पर किस्त के रूप में करीब 56 हजार रुपये बकाया है। इस वजह से उसे सीज किया जा रहा है। फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह मोटर साइकिल किसी लखनदास नाम के व्यक्ति के नाम पर फाइनेंस हुई है। फाइनेंस कंपनी से जानकारी जुटाने के बाद अरविंद ने थाने में साक्ष्यों के साथ शिकायत दर्ज कराइ थी। मामले की जांच में ठगी की पुष्टि होने पर पुलिस ने शोरूम मालिक दीपक ननवानी उर्फ गोल्डी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी की गिफ्तारी नहीं हुई है।

## हमीदिया कॉलेज में 'अमृत महोत्सव' 16 को

**भोपाल, देशबन्धु।** शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर 16 अगस्त को अमृत महोत्सव 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पुष्पलता चौकसे ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय भवन और ओपन जिम का भी लोकार्पण होगा। साथ ही स्व. अनिल माधव दवे स्मृति अमृत वाटिका में पौध रोपण और स्वामी विवेकानंद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1946 से अभी तक के पूर्व छात्र-छात्राऐं तथा नवीन छात्र शामिल होंगे।

## रोटरेक्ट क्लब टीआईटी साइंस का अधिष्ठापन समारोह संपन्न



**भोपाल, देशबन्धु।** रोटरेक्ट क्लब टीआईटी साइंस डिस्ट्रिक्ट 3040 की अधिष्ठापन समारोह संपन्न हुई । नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपांशु सिंह राजपूत एवं सचिव साहिल कुमार ने अपने 15 बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स के साथ शपथ ली एवं पदभार ग्रहण किया । समारोह में मुख्य अथिति के तौर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रितु ग्रोवर, सहायक डिस्ट्रिक्ट गवर्नर धीरेन दत्ता , रोटरी क्लब ऑफ़ ईस्ट भोपाल के अध्यक्ष संजय दूबे, साउथ एशिया मल्टीडिस्ट्रिक्ट के चीफ ट्रेनर मुकेश प्रताप सिंह, रोटरैक्ट डिस्ट्रिक्ट 3040 के अध्यक्ष अमन ख़ान जुगनू , मण्डल सचिव सौरभ नायक , रोटरैक्ट मण्डल के पदाधिकारी एवं भोपाल इंदौर के रोटरैक्ट क्लब के अध्यक्ष, सचिव भी सामिल हुए । रोटरी वर्ष 2023-24 के विभिन्न प्रोजेक्ट की चर्चा भी की गई ।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

उप मुख्य विद्युत अभियंता/गति शक्ति/नार्दर्न रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली-110001 ने अधोविख्यात काम के लिए ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है अतः दिनांक 11.08.2023 को इसे आईआरईपीएस की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य और स्थान का नाम | अमृत भारत योजना के संबंध में दिल्ली मंडल के पलवल, बल्लभगढ़, फ़रीदाबाद एनटी, पटौदी रोड, मानसा, नरवाना, जिंद, रोहतक, बहादुरगढ़, सोनीपत, नरेला, सब्जी मंडी शामली, मोदीनगर, गोहाना और तिलक ब्रिज (16) रेलवे स्टेशन में बिजली आपूर्ति व्यवस्था के साथ स्टेशन भवन, अग्रभाग, पोर्च और सर्कुलेटिंग और पार्किंग क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था की आपूर्ति और प्रतिष्ठापन। |
| 2. | निविदा सूचना संख्या | 12-Dy.CEE-GSU-DLI-23-24 |
| 3. | बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) | ₹ 9,78,900/- |
| 4. | लगभग काम की लागत | ₹ 16,57,84,039.00/- |
| 5. | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय अब | दिनांक **11.08.2023** को आईआरईपीएस वेब साइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर निविदाएं अपलोड की हैं। निविदादाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा **04.09.2023** को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 6. | निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज पहले | विस्तृत ई-निविदा सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है और निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेब साइट यानी **www.ireps.gov.in** पर **17.08.2023** से **04.09.2023** तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

**सं.12-Dy.CEE-GSU-DLI-23-24 दिनांक: 11.08.2023** **2490/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एलएन आयुर्वद कॉलेज में स्तनपान सप्ताह का समापन



**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार रोड एल एन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय में डाबर इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिदिन विशेषज्ञों से संवाद के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए कई गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पहले दिन विशेषज्ञ संवाद में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग डॉ शैलेश जैन द्वारा बच्चों के लिए स्तनपान का महत्व विषय पर एक एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। दूसरे दिन सहायक प्राध्यापक स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग डॉक्टर निशिगंधा द्वारा स्ट्रेसफुल लाइफ स्टाइल ऑफ वर्किंग वूमेन एंड देयर इफेक्ट ऑन ब्रेस्टफीडिंग विषय पर व्यख्यान दिया गया। वहीं तीसरे दिन सहायक प्राध्यापक स्त्री एवं प्रसूति तंत्र विभाग डॉ चित्र पटेल द्वारा ब्रेस्ट फीडिंग एन आयुर्वेदिक एप्रोच विषय पर एक टॉक का आयोजन हुआ। वहीं चौथे दिन डाबर इंडिया के सौजन्य से अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए स्वास्थ्यवर्धक शतावरी चूर्ण व दशमूलारिष्ट का निशुल्क वितरण किया गया, जबकि पांचवे दिन विद्यार्थियों द्वारा ब्रेस्टफीडिंग वीक के उपलक्ष में गतिविधियां की गई। छठवें दिन विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ नारी सशक्त नारी एवं बेनिफिट्स ऑफ ब्रेस्टफीडिंग पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें के प्रथम स्थान दीक्षा मनोहर, द्वितीय स्थान पर हर्ष चौधरी, रूपाली और उर्वशी मालवी रहे। तृतीय स्थान पर अक्षय राजपूत, साक्षी पटेल, शाकांबरी रही। वहीं सांत्वना पुरस्कार अमनदीप, आयुष पटेल व दीपिका जैन को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम में अंतिम दिन पर समापन सत्र का एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसके की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ सपन जैन व संचालक डॉ विशाल शिवहरे व डाबर इंडिया की ओर से पलाश चतुर्वेदी थे। अतिथियों विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किए गए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सपन जैन ने बाल रोग विभाग व स्त्री एवं प्रसूति तंत्र व स्वस्थ्यवृत्त विभाग द्वारा आयोजित किए गए इस आयोजन की प्रशंसा की और इस प्रकार के आयोजन को छात्र छात्राओं के लिए उपयोगी बताते हुए छात्र छात्राओं को समाज मे जगृति लाने हेतु संकल्पित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शैलेष जैन द्वारा किया गया।


**आमसूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम की सूचना**

सुविधा प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार मर्यादित आजाद वार्ड बैतूल संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन की प्रक्रिया के संबंध में समस्त सदस्यों को सुनिचत किया जाता है कि विशेष साधारण सम्मेलन दिनांक 27.08.2023 को आयोजित किया गया है। निर्वाचन हेतू नामांकन पत्र प्रस्तुत दिनांक 20.08.2023 को लिए जावेंगे। जांच 21.08.2023 को एवं नियोजन पत्रों की वापसी दिनांक 22.08.2023 को तथा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा प्रतिनिधि निर्वाचन दिनांक 31.08.2023 को नियत है। समस्त सदस्यों को सूचित हो।

**अध्यक्ष/प्रबंधक**
**सुविधा प्रा. सह. उपभोक्ता भण्डार आजाज वार्ड बैतूल**



**उत्तर रेलवे**

G20 | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**सार्वजनिक सूचना**

**रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा महम (छोड़कर) से गढ़ी (सहित) किमी० 37.500 से 58.635 (21.135 किमी०) तक उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल में रोहतक-महम-हांसी नई लाइन के संदर्भ में निरीक्षण**

उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल में **महम (छोड़कर) से गढ़ी (सहित) किमी0 37.500 से 58.635 (21.135 किमी0) तक रोहतक-महम-हांसी नई लाइन के संदर्भ में ट्रॉली निरीक्षण** व उच्च गति परीक्षण रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा दिनांक 12.08.2023 को किया जाएगा।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त खंड में रेलवे लाइन से दूर रहें और रेलवे लाइन पार न करें। रेलवे लाइन पार करना दंडनीय उपराध है और रेलवे अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए उत्तरदायी है।

**द्वारा जारी उत्तर रेलवे निर्माण संगठन**

**सं.: 163-W/C/Meham-Hansi/TKJ दिनांक: 10.08.2023** **2489/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्र./नामा. शा./न.नि./2023/32 सागर दिनांक 11/08/2023

**-:: सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिये गये भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम के सागर नाम पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 601/23-24 | विट्ठल नगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, खसरा, बी-1 | इमरान वल्द अनवर खान | मेहराज पति मुह. हफीज मिश्ती |
| 2. | 602/23-24 | गांधीचौक | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | यशोदा पति नाथूराम एवं सोमनाथ पिता नाथूराम सोनी | निधि पति नरेश एवं अल्का पति नीरज सोनी |
| 3. | 603/23-24 | तिली | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, खसरा, बी-1 | सत्यवती पति शम्भूदयाल, अशोक नाबा. शम्भूदयाल वली मां सत्यवती तिवारी, पुष्पलता पति त्रिलोकी, संजय नाबा. पिता त्रिलोकी वली मां पुष्पलता व्यास | प्रदीप, राकेश पिता लक्ष्मीचंद सोधिया |
| 4. | 604/23-24 | जवाहरगंज | मृत्यु, प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र टैक्स रसीद | स्व. चन्द्ररानी पति स्व. रतनलाल केशरवानी | सन्तोष, धीरज पिता स्व. रतनलाल केशरवानी |
| 5. | 605/23-24 | शिवाजी | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, खसरा, बी-1 | शान्तिदेवी पति सुखचैन यादव | मनीष कुमार पिता भोलेनाथ दुबे |
| 6. | 606/23-24 | पुरव्याऊ | मृत्यु, प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र टैक्स रसीद | स्व. ज्ञानीप्रसाद पिता स्व. बाबूलाल रजक | शकुन्तला बेवा ज्ञानीप्रसाद रजक |
| 7. | 607/23-24 | विट्ठलनगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, खसरा, बी-1 | इमरान वल्द अनवर खान | जाहिदा बेगम पति अब्दुल जब्बार मुसलमान |
| 8. | 608/23-24 | शुक्रवारी | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, टैक्स रसीद | पार्वती पुत्री बालमुकुन्द राजपूत | शोभाराम पिता रामप्रसाद विश्वकर्मा |
| 9. | 609/23-24 | मोतीनगर | मृत्यु, प्रमाण-पत्र, शपथ पत्र टैक्स रसीद | स्व. नन्द किशोर पिता स्व. काशीराम शुक्ला | मीरादेवी बेवा नन्दकिशोर एवं त्रिभुव, मोहन एवं भारती तीनो पिता स्व. नन्दकिशोर शुक्ला |
| 10. | 610/23-24 | पन्तनगर | रजि. बैनामा, शपथ पत्र, खसरा, बी-1 | रविभूषण पिता तखत सिंह ठाकुर | अंकित पिता जवाहर एवं सोनम पति जवाहर भाई |

**कृते-आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर**


# सड़कों पर पशु आवारा घूमते मिले तो मालिक पर होगी कार्रवाई




**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल जिले की सड़कों पर यदि पशु आवारा घूमते मिले तो मालिक पर कार्रवाई होगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने शुक्रवार को मीटिंग के बाद यह आदेश जारी किए हैं। साथ ही मीटिंग में गांवों की गोशालाओं में गोवंश रखे जाने का निर्णय भी लिया गया।

बारिश में हाईवे एवं मुख्य सड़कों पर आवारा पशु की झूंड देखने को मिल रहे हैं। इस कारण हादसे भी हो रहे हैं। इसके चलते ही शुक्रवार को गोशाला संचालकों के साथ महापौर मालती राय और कलेक्टर आशीष सिंह ने मीटिंग की। जिला पंचायत के सभाकक्ष में हुई मीटिंग में कलेक्टर ने गोशाला संचालकों से चर्चा करते हुए हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए सुझाव आमंत्रित किए। कलेक्टर ने पशु मालिकों के आवारा छोड़े गए पशुओं की संख्या में वृद्धि होने के कारण शहरी क्षेत्र की गोशालाओं से गायों को ग्रामीण क्षेत्र की गोशालाओं में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित गोशालाओं ने अपनी-अपनी गोशालाओं की पशु क्षमता के बारे में अवगत कराते हुए शहरी क्षेत्र से लाए जाने वाली अतिरिक्त गायों को रखे जाने की सहमति प्रदान की। इनमें मनीखेड़ी (गुनगा) में 50, सर्मधा में 100, बीलखो में 25, अमोनी में 50, प्रेमपुरा में 50 और मुंगालिया छाप में 50 पशुओं की संख्या तय की गई है। नगर निगम से संबंधित पंचायत को वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही सड़कों पर आवारा पाए जाने वाले पशुओं के मालिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मीटिंग में निगम कमिश्नर फ्रैंक नोबल ए., जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा अनिल रामटेके, अतिरिक्त सीईओ आरके वर्मा आदि मौजूद थे।


**FORM NO. 17 [See Regulation - 35 (1)]**

**Office of the Recovery Officer - I/II**
**Debt Recovery Tribunal, Jabalpur**
**797- 2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur, M.P. 482001**

**RC/221/2019**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

Under Rule 73 Of The Second Schedule To The Income Tax Act, 1961 Read With Section, 29 Of The Recovery Of Debts & Bankruptcy Act, 1993

**KOTAK MAHINDRA BANK LIMITED**
**Versus**
**RAJENDRA ROADLINES**

To, **(CD1) RAJENDRA ROADLINES**
35, New Itwara Road, Bhopal (M.P.)- 462001
**(CD2) JAGJIT KAUR BAGGA**
**(CD3) NAVJOT SINGH BAGGA**
Both CD2 & CD3 Residing At 2, Alfa Duplex Bunglow, Nikant Colony, Idgah Hills, Bhopal (M.P.) - 462001

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/1041/2017** drawn up by the Presiding Officer, Debts Recovery Tribunal Jabalpur for recovery of **Rs. 5192673.64** (Rupees Fifty One Lakhs Ninety Two Thousands Six Hundred Seventy Three And Paise Sixty Four Only) along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons. You are hereby required to appear' before the undersigned on **26/09/2023** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my Hand and the Seal of the Tribunal, on this date **25/07/2023.**


**SATISH SOLANKI**
**Recovery Officer,**
**Debt Recovery Tribunal, Jabalpur**

**Date - 12/08/2023**

# अभिमत

*सीधी सी बात थी, मणिपुर पर मोदी का मौन व्रत तुड़वाना था। सामूहिक बलात्कार, नरसंहार पर बेहिस-बेग़ैरत सरकार को संसद के ज़रिये एक्सपोज करना था, तो अविश्वास प्रस्ताव ही एक रास्ता बचा था, जिसपर व्यापक बहस होती। लेकिन हुआ क्या? एक ऊंट की शादी हो रही थी। शादी में गधे गीत गा रहे थे। गधों ने ऊंट के रूप की बड़ाई करते हुए कहा, 'अहो रूपम' अर्थात, 'आप क्या लग रहे हैं!' ऊंट ने भी शिष्टाचार धर्म का पालन करते हुए कहा, 'अहो ध्वनि' अर्थात 'क्या आवाज है आपकी!'*

## अहो रूपम, अहो ध्वनि!



पुष्परंजन

**सवाल तीन थे। पहला, मणिपुर में हिंसा भड़कने के तीन महीने बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर क्यों नहीं गए? दूसरा, मणिपुर पर बोलने के लिए प्रधानमंत्री को 80 दिन क्यों लगे? और तीसरा, प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को बर्खास्त क्यों नहीं किया? मोदी ने किसी का उत्तर नहीं दिया।**

बकवास करो
हर बार करो - गर बिकता है।
बेबात हँसो,
बकवास करो।

रवीन्द्र दास की शुरू की दो, और आखिरी की दो लाइनों की याद गुरुवार शाम अनहद आती रही। संसद में थकाऊ और लंबे भाषण पर मोदी मन भाये वाले सभासद थक नहीं रहे थे। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर समर्थन कम और लानत का समां अधिक बंधा हुआ था। संसद में कभी मेज का थपथपाना, तो कभी 'मोदी-मोदी' के नारे को चुनावी मंच बना चुके थे ट्रेजरी बेंच पर विराजे महानुभाव। मणिपुर पर प्रधानमंत्री जब बोल रहे थे, उस अभागे प्रांत से एक ख़बर आई, जिसे एजेंसियों ने सत्रावसान के बाद चलने दी। ख़बर थी, सामूहिक बलात्कार की। आजकल सामूहिक बलात्कार, मॉब लिंचिंग की ख़बरें सन्नाटे को चीर नहीं पाती। सुनने वालों के कानों, दिलो-दिमाग़ से गुज़र जाती हैं ऐसी ख़बरें। हमारी इंद्रियों को स्मार्ट फोन ने इंगेज कर रखा है। अधिकांश की आत्मा मर चुकी है। विगत दस वर्षों में नेटीज़ंस की जो पौध झाड़-झंखाड़ की तरह उग आई, उनमें संवेदना को कुंद करने का काम बड़े पैमाने पर हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों अदालत से प्रसन्न नहीं दीखते। संसद में उनके एक वाक्य से न्यायालय के प्रति उनकी जुगुप्सा यों ज़ाहिर हुई, 'मणिपुर पर अदालत का फ़ैसला आया। अब अदालतों में क्या हो रहा है, ये हम जानते हैं।' प्रधानमंत्री अदालत से नाख़ुश केवल मणिपुर में आदिवासी समुदाय को आरक्षण और उसके बाद बेकाबू दावानल से नहीं हैं, राहुल गांधी के लिए संसद में वापसी का रास्ता सुप्रीम कोर्ट के बज़रिये जिस तरह प्रशस्त हुआ, वह सबसे अधिक कष्ट का कारण है।

मोदी ने संभवतः सोचा नहीं था कि रावण, विभीषण, कुंभकरण शब्दों के माध्यम से संसद में साक्षात किये जाएंगे। ठीक से देखा जाए तो संसद में राहुल का सर्वाधिक सशक्त और मारक 'सर्जिकल स्ट्राइक' रहा है। ट्रेजरी बेंच में तिलमिलाहट से साफ नज़र आ रहा था कि राहुल के शब्दभेदी वाण से वो आहत हैं। अक्सर मुस्कुराते रहने और निश्चित भाव-भंगिमा वाले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पहली बार देश ने गुस्से में देखा। आसन पर बेचैनी से करवटें बदलते देखकर उनकी असहज स्थिति का अंदाज़ा आसानी से लगाया जा सकता था।

गुरूवार को विश्व गुरू के बोलने से पहले पूरे देश को यही अंदाज़ा था कि 'इंडिया' और खुसूसन राहुल गांधी पर वो अग्निवाण छोड़ेंगे। राहुल को शब्दों से वो वेध देंगे। मगर, मालूम नहीं क्यों मोदी के शब्द फुस्स फुलझरी साबित हुए। अब संभवतः लालक़िले के प्राचीर से प्रधानमंत्री शब्दों के गोले दागें। लेकिन कितना भी अच्छा नाचने वाला मोर जब अपने पैरों की ओर देखता है, थम जाता है। मणिपुर भी मोर के पांव की तरह पीएम मोदी के पादुका में प्रत्यारोपित हो चुका है। मोदी ने तो शायद मणिपुर पर चुप रहने की ठान ली थी, मगर विपक्ष की व्यूह रचना ने उन्हें बोलने पर विवश कर दिया। मणिपुर पर मोदी क्या विपक्ष के बायकॉट का इंतज़ार कर रहे थे?

लोकसभा में देश के प्रधानमंत्री के बयानों पर मुलाहिज़ा कीजिए, 'महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए। यह अपराध अक्षम्य है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए हम भरपूर प्रयास कर रहे हैं। जिस प्रकार से प्रयास चल रहे हैं, निकट भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। मणिपुर फिर एक बार नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। मैं मणिपुर के लोगों से भी आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूं। वहां की माताओं, बहनों, बेटियों से कहना चाहता हूं- देश आपके साथ है। यह सदन आपके साथ है। हम सब मिलकर इस चुनौती का समाधान निकाल लिया, वहां शांति की स्थापना होगी। मणिपुर फिर विकास की राह पर तेज गति से आगे बढ़ेगा। प्रयासों में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी।'

लेकिन सरकार से गुलतियां हुईं। पूरा सिस्टम फेल कर गया। क़ानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ीं, यह क्यों नहीं स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी? म्यांमार से 1643 किलोमीटर सीमा पूर्वोत्तर के चार राज्यों अरूणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और मिज़ोरम साझा करते हैं। मणिपुर के पांच ज़िले 400 किलोमीटर लंबी म्यांमार सीमा से लगे हैं। इसकी सुरक्षा की ज़िम्मेदारी क्या कांग्रेस के हवाले कर रखी है अमित शाह और राजनाथ सिंह ने? दंगाग्रस्त मणिपुर संभाल नहीं पा रहे हैं, ठीकरा फोड़ रहे हैं विपक्ष पर। अमित शाह ने संसद में कहा, 'मैं विपक्ष की इस बात से सहमत हूं कि वहां हिंसा का तांडव हुआ है। हम मानते हैं कि जो हुआ है वो शर्मनाक है, लेकिन उस पर राजनीति करना उससे भी शर्मनाक है।'

सबसे बड़ी बात जवाबदेही की है। मणिपुर में फोर्स की तैनाती का आदेश जिस मंत्री ने दिया, यदि वहां शांति स्थापना में विफल हो जाता है, तो इस विफलता का जिम्मा कांग्रेस पर नहीं थोप सकते। अमित शाह का मणिपुर घूमकर आना इतना महत्वपूर्ण नहीं, जितना कि वहां शांति बहाली। फिर तो यह भी पॉलिटिकल टूरिज़्म हुआ। कल तक आपकी जो सांसद, प्रवक्ता इम्फाल में मणिपुरी नृत्य कर रहे थे, आज सीन से क्यों ग़ायब हैं? स्मृति ईरानी को राहुल गांधी की फ्लाइंग किस पर पीड़ा हो रही है, लेकिन मणिपुर में सामूहिक बलात्कार की लगातार हो रही घटनाओं से कोई कष्ट नहीं हो रहा। सत्ता के अहंकार ने स्मृति जैसी महिलाओं को कैसे काठ कलेजा कर दिया?

मणिपुर के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा पोषित-पल्लवित राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की भूमिका भी पीड़ादायक है। जनवरी 1992 में बनी इस संस्था का गठन देशभर में महिलाओं पर हो रहे जुल्मों-सितम को रोकना, जेंडर जागरूकता, पीड़ित महिलाओं की खोज ख़बर लेने के उद्देश्य से किया गया था। महिलाओं के विरूद्ध हिंसा, यौन उत्पीड़न करने वालों को कहीं से नहीं बख़्शना, महिला सशक्तीकरण जैसे लक्ष्यों को लेकर बनी संस्था क्या वाक़ई मणिपुर के संदर्भ में कुछ कर पाई? 19 जनवरी, 2023 के बाद एनसीडब्ल्यू की किसी भी गतिविधि की सूचना इनके पोर्टल पर नहीं है।

राष्ट्रीय महिला आयोग कांग्रेस के समय जैसा था, आज भी लगभग वैसा ही है। बस, किरदार बदल गये हैं। 2 अक्टूबर, 1994 को रामपुर तिराहा रेप कांड की शिकार औरतों को ढूंढने में ऊखी मठ पहुंच गया था, तब राष्ट्रीय महिला आयोग की एक टीम चमोली ज़िले के पिंडर में फूलों की घाटी की सैर करने गई थी। शायद कुछ और पत्रकार अनुभव साझा करें। सालाना बजट का मोटा पैसा राष्ट्रीय महिला आयोग जैसे महकमे पर ख़र्च होता है, लेकिन उसके परिणाम निकलकर क्या आते हैं, उसकी साक्षात नज़ीर हैं मणिपुर की औरतें।

म्यांमार लंबे समय से उपद्रवग्रस्त रहा है। फरवरी 2012 से अप्रैल 2023 तक म्यांमार में 600 से अधिक हमले हो चुके हैं, जिसमें 6337 लोग मारे जा चुके हैं। इन इलाकों से विस्थापन सबसे पहले भारत का पूर्वोत्तर भुगतता है। लाओस, थाईलैंड, चीन से लगे म्यांमार की सीमाएं भारतीय हिस्से में जिधर से जुड़ी हैं, उसका बड़ा हिस्सा अब भी बाड़बंदी का इंतज़ार कर रहा है। हथियार, ड्रग ट्रैफिकिंग, अवैध आप्रजन इस सीमा से बड़े स्केल पर होते रहे हैं, इसका पता दिल्ली में बैठे सुरक्षा महकमों के शिखर नौकरशाहों को है।

मोरेह सीमा से इम्फाल केवल 110 किलोमीटर की दूरी पर है। मणिपुर के 160 रिलीफ कैंपों में म्यांमार से विस्थापित 30 हज़ार 500 शरणार्थी रह रहे हैं। देश के गृहमंत्री का कहना था कि जो लोग इन शरणार्थी कैम्पों में हैं, वही फितना फैला रहे हैं। यह कैसे संभव है कि सुरक्षा बलों और कैमरे की निगरानी के बावजूद शरणार्थी कैंपों के लोग दंगा-फसाद, बलात्कार करें? सच छुपाते रहिए, और ठीकरा उस पर फोड़िये जो निरीह प्राणी है, आपका वोट बैंक नहीं है। यही सब मणिपुर के प्रयोगशाला में हो रहा है।

सबसे मुश्किल फैसला केंद्रीय गृह मंत्रालय का था, जिसके तहत मणिपुर में असम राइफल्स की तैनाती की गई थी। आज उस तैनाती को लेकर मैतेई-नगा और कुकी समुदाय के विधायक आमने-सामने हैं। पहले मैतेई और नगा समुदाय के 40 विधायकों ने प्रधानमंत्री से असम राइफल्स की सभी यूनिटों को बदल कर उनकी जगह दूसरे केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की। इसके पश्चात कुकी-जोमी समुदाय से जुड़े दस विधायकों ने पीएमओ को पत्र लिखकर कहा है कि असम राइफल्स की यूनिटों को वहीं रहने दिया जाए। बीजेपी के सांसद दिल्ली में शायद एक दिखें, मगर दुर्भाग्य देखिए ये मणिपुर में बंटे हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल है कि नागरिक-प्रशासन शांति बहाली में विफल रहा है, तो मणिपुर को कुछ महीनों के लिए संपूर्ण रूप से सेना के हवाले क्यों नहीं कर देते? यह उस सिंड्रोम से बाहर नहीं निकल पा रहे कि शांति स्थापना का श्रेय प्रतिरक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को क्यों दें?

संसद में प्रतिपक्ष ने मणिपुर के हवाले से प्रधानमंत्री मोदी से जो सवाल पूछा था, क्या पीएम मोदी उसका उत्तर दे पाये? जवाब नहीं में है। सवाल तीन थे, जिसे कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने पूछा था। पहला, मणिपुर में हिंसा भड़कने के तीन महीने बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर क्यों नहीं गए? दूसरा, मणिपुर पर बोलने के लिए, प्रधानमंत्री को 80 दिन क्यों लगे? और तीसरा, प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को बर्खास्त क्यों नहीं किया?

राजनीति का साधारण ज्ञान रखने वाले इस देश के नागरिक तक को पता था कि अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में गिर जाना है। सीधी सी बात थी मणिपुर पर मोदी का मौन व्रत तुड़वाना था। सामूहिक बलात्कार, नरसंहार पर बेहिस-बेग़ैरत सरकार को संसद के ज़रिये एक्सपोज करना था, तो अविश्वास प्रस्ताव ही एक रास्ता बचा था, जिसपर व्यापक बहस होती। लेकिन हुआ क्या? एक ऊंट की शादी हो रही थी। शादी में गधे गीत गा रहे थे। गधों ने ऊंट के रूप की बड़ाई करते हुए कहा, 'अहो रूपम' अर्थात, 'आप क्या लग रहे हैं!' ऊंट ने भी शिष्टाचार धर्म का पालन करते हुए कहा, 'अहो ध्वनि' अर्थात 'क्या आवाज है आपकी!'

pushpr1@rediffmail.com

### बीता सप्ताह

**5 अगस्त**
- राहुल गांधी के मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दो साल की सजा पर रोक लगाई।
- छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्य न्यायाधीश डब्ल्यू शिशांक का इम्फाल में निधन हो गया।
- एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में बाम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ के जज जस्टिस रोहित बी देव ने खुली अदालत में अपना इस्तीफा दिया।
- नाइजर के राष्ट्रपति ने मोहम्मद बैजम ने बताया कि उनको सेना ने बंधक बना लिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की अपील की है।

**6 अगस्त**
- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना मामले में इस्लामाबाद ट्रायल कोर्ट की सजा सुनाई।
- युवा भारतीय तीरंदाज अदिति और ज्योति, सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाजी में स्वर्ण व कांस्य पदक हासिल किए।
- आगरा की विशेष अदालत ने सांसद रामशंकर कठेरिया को मारपीट, बलवा मामले में दो साल की सजा सुनाई।
- कंबोडिया में संसदीय चुनावों में सत्तारूढ़ पार्टी कंबोडिया पिपुल्स पार्टी सीपीपी जीती।

**7 अगस्त**
- राज्यसभा दिल्ली सेवा बिल विधेयक पेश किया गया।
- क्रांतिकारी गीतकार एवं नक्सली समर्थक गुम्मदी विट्ठल का निधन हो गया।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित अधिकारी घोषित किया।
- अमरनाथ यात्रा का रिकार्ड टूटा करीब 4 लाख 17 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

**8 अगस्त**
- मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा पर रोक लगा दी।
- राज्यसभा में दिल्ली सेवा बिल पास हुआ।
- मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यों की समिति बनाई।
- हरियाणा के नूंह में सरकार द्वारा उपद्रवियों के घर पर चलाए जा बुलडोजर पर रोक लगाई।

**9 अगस्त**
- सुभाषचंद्र बोस के भतीजे अर्धेन्दु बोस का मुंबई में हृदयाघात से निधन हो गया।
- बलूचिस्तान के पंतपुर प्रांत में बम विस्फोट से सात लोगों की मौत हो गई।
- रूस ने यूक्रेन के 22 युद्धबंदियों को रिहा किया।
- श्रीलंका में डेंगू के 58 हजार से अधिक मामले पाए गए।

**10 अगस्त**
- संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर राहुल गांधी बोले मणिपुर में भारत माता की हत्या हुई है।
- आयुष्मान भारत योजना में कैग ने खुलासा किया कि एक ही मोबाइल नंबर से लाखों लोगों का पंजीयन हुआ।
- भारत का चंद्रयान मिशन-3 चंद्रमा के करीब पहुंच कर कक्षा बदलने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरा किया।
- पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया।

**11 अगस्त**
- संसद में मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिरा।
- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बिल राज्यसभा में पेश किया गया।
- आरबीआई ने रेपो दर में नहीं किया बदलाव। जीडीपी विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान।
- भारत नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने रिपोर्ट दी कि रेलवे ने यात्री ट्रेनों से अधिक कमाई में की खर्च।

## नई नीतियों से पर्यावरण और पारिस्थितिकी को नुकसान

■ पी.सुधीर

लोगों या पर्यावरण की परवाह किये बिना देश के प्राकृतिक संसाधनों को निजी पूंजी के शोषण के लिए खोलने की अपनी घोषित नीति को जारी रखते हुए, मोदी सरकार ने संसद में दो कानून लाये हैं जिनके गंभीर परिणाम होंगे। एक वन (संरक्षण) अधिनियम (एफसीए) में संशोधन और दूसरा खान और खनिज (विकास और विनियमन) (एमएमडीआर) अधिनियम में संशोधन करना है।

1980 में पारित, एफसीए में वनों के रूप में नामित भूमि के मनमाने ढंग से आरक्षण को रोकने के लिए सख्त प्रावधान थे। इसका उद्देश्य वनों को अंधाधुंध कटाई से बचाना था। आदिवासी समुदायों को भूमि के अधिकार देने और उन्हें बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए, बाद में 2006 में, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों (वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम), जिसे एफआरए के रूप में जाना जाता है, के माध्यम से कुछ छूट शामिल की गई।

मोदी सरकार द्वारा पेश किये गये नये विधेयक में वनों की परिभाषा को कमजोर करने और सड़कों, रेलवे लाइनों, सुरक्षा बुनियादी ढांचे, रक्षा शिविरों, वायरलेस स्टेशनों, पुलों के निर्माण के लिए छूट प्रदान करके मौजूदा कानून की संपूर्ण नियामक संरचना को कमजोर करने का उपाय किया गया है। खाइयों, पाइप लाइनों और यहां तक कि चिड़ियाघरों, सफारी और पर्यावरण-पर्यटन सुविधाओं के लिए भी यह लागू होगा।

यह 1996 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित वनों की अवधारणा को फिर से परिभाषित करता है, जिसके तहत उन क्षेत्रों को वन के रूप में परिभाषित नहीं किया गया था जिन्हें 'मानित वन' माना जाता था। यह विधेयक ग्राम सभाओं और अन्य निगरानी समितियों से अनिवार्य सहमति के एफआरए प्रावधानों को खत्म कर देता है, जिससे आदिवासी समुदाय अपनी भूमि के अधिग्रहण के खिलाफ पूरी तरह से असहाय हो जाते हैं। इससे एक ही झटके में न केवल जंगल विनाश के लिए खुल जायेंगे बल्कि उनके निवासी विस्थापित हो जायेंगे।

यह स्पष्ट है कि यह वन भूमि के अधिग्रहण के लिए कानूनों और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों द्वारा लगाई गई नियामक सीमाओं से छुटकारा पाने के लिए किया जा रहा है। ये दूरगामी परिवर्तन मोदी सरकार द्वारा अपने शासनकाल के एक दशक में पर्यावरण नियामक ढांचे को लगातार खत्म करने की निरंतरता को जारी रखते हैं। पिछले उपायों (या तो संशोधन या यहां तक कि सरकारीआदेशों के रूप में पेश किये गये) में पर्यावरणीय प्रभाव आकलन नियमों, तटीय क्षेत्र नियमों आदि को कमजोर करना शामिल है।

वन संरक्षण अधिनियम संशोधन के साथ, सरकार ने जैविक विविधता अधिनियम में संशोधन भी इसी तरह से पारित कराया। यह परिवर्तन अधिनियम के तहत अपराधों को कम कर देगा, और आयुष चिकित्सकों को कानून से छूट देते हुए 'संहिताबद्ध पारंपरिक ज्ञान' की परिभाषा को धुंधला कर देगा। यह सब कॉर्पोरेट हितों, विशेषकर फार्मास्युटिकल संस्थाओं द्वारा संचालित वनस्पतियों और जीवों के बेलगाम निष्कर्षण का रास्ता खोल देगा।

इस मानसून सत्र में संसद द्वारा पारित दूसरा संशोधन कानून खानों और खनिजों के विनियमन को कमजोर और बदल देता है। मूल अधिनियम के तहत, खनिजों की खोज में कड़ी शर्तों को छोड़कर खुदाई और ड्रिलिंग जैसी विनाशकारी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि, संशोधन के बाद, प्रारंभिक सर्वेक्षण प्रक्रिया के दौरान गड्ढे, ट्रेंचिंग, ड्रिलिंग और उपरीसतह उत्खनन की अनुमति दी गई है। वन क्षेत्रों में इस प्रकृति की अन्वेषण परियोजनाएं शुरू करने के लिए अब अनिवार्य वानिकी मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी।

जैसा कि सर्वविदित है, देश की खनिज संपदा का एक बड़ा हिस्सा वन क्षेत्रों में स्थित है। इन बदले हुए कानूनों के साथ, कोई भी कॉर्पोरेट निकाय वन क्षेत्र या क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परवाह किये बिना पूर्ण पैमाने पर विनाशकारी अन्वेषण शुरू कर सकता है। इस पहलू में, दो संशोधित कानूनों - एफसीए और एमएमडीआर- पर सरसरी नजर डालने मात्र से यह स्पष्ट हो जाता है।

इसके अलावा, कुछ निर्दिष्ट मामलों को छोड़कर, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा निपटाया जाता था, खनन अधिकारों की नीलामी आमतौर पर राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में थी। लेकिन संशोधित कानून ने लिथियम, कोबाल्ट, निकेल, पोटाश, टिन और फॉस्फेट जैसे रणनीतिक खनिजों के अधिकारों को केंद्रीकृत कर दिया है।

> **देश की खनिज संपदा का एक बड़ा हिस्सा वन क्षेत्रों में स्थित है। इन बदले हुए कानूनों के साथ, कोई भी कॉर्पोरेट निकाय वन क्षेत्र या क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परवाह किये बिना पूर्ण पैमाने पर विनाशकारी अन्वेषण शुरू कर सकता है। इस पहलू में, दो संशोधित कानूनों - एफसीए और एमएमडीआर- पर सरसरी नजर डालने मात्र से यह स्पष्ट हो जाता है। इसके अलावा, कुछ निर्दिष्ट मामलों को छोड़कर, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा निपटाया जाता था, खनन अधिकारों की नीलामी आमतौर पर राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में थी।**

इसके अतिरिक्त, नया कानून केंद्र सरकार को सोना, चांदी, तांबा आदि सहित 29 खनिजों के लिए विशेष अन्वेषण लाइसेंस जारी करने का अधिकार देता है। छह धातुओं- लिथियम, बेरिलियम, नाइओबियम, टाइटेनियम, टैंटलम और ज़िरकोनियम - को प्रतिबंधित से हटा दिया गया है।

'परमाणु खनिज' श्रेणी सूची, निजी संस्थाओं को उनके लिए खनन और अन्वेषण करने की अनुमति देती है। नये एमएमडीआर प्रावधानों में खनिजों की औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) की गणना से विभिन्न शुल्कों और लेवी (पूर्व खदान मूल्य) को भी बाहर रखा गया है।

इन सभी परिवर्तनों का उद्देश्य निजी निवेश को आकर्षित करना और प्राकृतिक संसाधनों के लाभदायक दोहन को सुविधाजनक बनाना है, जिसमें लिथियम जैसी धातुएं भी शामिल हैं जिनकी इन दिनों बहुत मांग है।

मोदी सरकार का नग्न कॉर्पोरेट समर्थक रुख उसकी सभी नीतियों में व्याप्त है- कर में कटौती और रियायतें देने से लेकर मुनाफा बढ़ाने में मदद करने के लिए सुरक्षात्मक श्रम कानूनों को कमजोर करने तक, सार्वजनिक क्षेत्र की संपत्तियों और बुनियादी ढांचे को निजी संस्थाओं को सौंपने से लेकर कोयला खनन जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को खोलने तक। अभ्रक, ऊर्जा और यहां तक कि घरेलू और विदेशी दोनों निजी पूंजी की रक्षा तक। इसी बड़े ढांचे में पर्यावरण कानूनों और नियमों में किये गये लापरवाह बदलावों को देखा जाना चाहिए। जहां एक ओर सरकार पर्यावरण की रक्षा और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई के लिए बड़ी चिंता का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर वास्तव में वह अपने लोगों की कीमत पर देश को और अधिक पर्यावरणीय विनाश की ओर ले जा रही है।

## मणिपुर के राहत शिविरों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव

■ डॉ.आनंद जकरिया व डॉ. रमानी अटकुरी

यह लेख मणिपुर में 100 से अधिक दिनों से जारी मानवीय संकट के समय चिकित्सा सुविधाओं की कमी की ओर पर आम जनता और चिकित्सा समुदाय का ध्यान तत्काल आकर्षित करने के लिए लिखा जा रहा है जो मणिपुर में काम कर रहे स्वास्थ्य पेशेवरों और स्वास्थ्य स्वयंसेवकों से प्राप्त आरंभिक सूचनाओं और गैर-सरकारी संगठनों की रिपोर्टों के आधार पर लिखा गया है। वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, स्वास्थ्य निहितार्थ और इसे सुधारने के लिए क्या किया जाना चाहिए- इस पर संक्षेप में प्रकाश डालना इसका उद्देश्य है।

मणिपुर में हिंसा, आगजनी तथा हत्याओं के परिणामस्वरूप घाटी और पहाड़ी दोनों में अस्थायी आश्रयों में बड़ी संख्या में विस्थापित लोग हैं। स्कूल, छात्रावास, गोदाम, पूजा स्थल या सामुदायिक हॉल जैसी जगहें इन लोगों का आश्रय स्थल बने हुए हैं। स्थानीय लोग और नागरिक समाज संगठन अपनी क्षमता के अनुसार विस्थापितों को राहत प्रदान कर रहे हैं लेकिन यह प्रभावितों की जरूरतों को पूरा करने में अपर्याप्त है। प्रभावित कई लोगों ने राज्य छोड़ दिया है और पड़ोसी राज्यों (नगालैंड, असम, मिजोरम आदि) या उनके परिवार या रिश्तेदार अगर हैं तो नई दिल्ली और बेंगलुरु जैसे दूर-दराज के शहरों में चले गए हैं।

मणिपुर में चल रहे संघर्ष के कारण अब घाटी और पहाड़ियों के बीच एक अनौपचारिक क्षेत्रीय विभाजन है जिसमें दोनों क्षेत्रों के बीच लोगों, सामानों और वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है। ये बातें सभी को मालूम है लेकिन डर है कि संकट की सीमा और पैमाने का पूरा अंदाज किसी को नहीं है।

अस्थिर और अंशात मणिपुर में इस समय 70 हजार से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं, 142 व्यक्तियों के मारे जाने की सूचना है जबकि 6,000 से अधिक घायल हुए हैं। भारत में मानवीय एजेंसियों के राष्ट्रीय गठबंधन स्फीयर इंडिया के अनुसार, इन विस्थापितों ने मणिपुर के 10 जिलों में स्थित 253 राहत शिविरों में शरण ले रखी है। यह रिपोर्ट अंतर-एजेंसी समन्वय समिति (राहत में शामिल एजेंसियां) की बैठकों और यूनाइटेड रिस्पांस स्ट्रैटेजी (यूआरएस) मैट्रिक्स का उपयोग कर 100 से अधिक स्थानीय संगठनों की प्रतिक्रिया के आधार पर बनाई गई है।

मणिपुर में कार्यरत या वहां का दौरा कर चुके डॉक्टरों के अनुसार, शिविरों में साफ-सफाई की स्थिति गंभीर है खासकर बुजुर्ग और कमजोर लोगों के लिए। वहां भीड़-भाड़ है और स्वच्छता नहीं है। प्लास्टिक के बड़े टैंकों में पानी संग्रहित किया जाता है जो बाहर एक नल या बोरवेल से भरा जाता है। पानी कीटाणुरहित नहीं किया जाता है। अपशिष्ट जल की निकासी की व्यवस्था भी अपर्याप्त है। मानसून की शुरुआत होने के साथ ही स्वच्छता और जल निकासी बदतर हो गयी है। ऐसी भीड़-भाड़ वाली स्थिति में पर्याप्त सुविधा न होने के कारण बीमारी के प्रकोप का खतरा है। कुछ विस्थापित व्यक्तियों को मच्छरदानियां उपलब्ध कराई गई हैं। विस्थापितों को भोजन के रुप में सुबह-शाम मुख्य रूप से दाल और चावल दिया जाता है। कभी-कभी बहुत कम मात्रा में सब्जियां या मांस दिया जाता है। छोटे बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं व बुजुर्गों की देखभाल के लिए न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हैं। महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व देखभाल तथा नियमित टीकाकरण सेवाएं बाधित हो गई हैं। एंटी-हाइपरटेंसिव या एंटी-डायबिटिक दवाओं की बहुत कम आपूर्ति है। बहुत कम सुविधाओं वाले इन शिविरों में प्रसव कराए जा रहे हैं। गंभीर रूप से बीमार रोगियों को अस्पताल ले जाना मुश्किल है। राहत शिविरों में ऐसे कई लोग हैं जिन्हें नशीली दवाओं की लत है और जिन्हें देखभाल और पुनर्वास सेवाओं की आवश्यकता है। विकलांग लोगों के लिए कोई सुविधा नहीं है। शिविरों में रह रहे लोगों के पास कोई काम नहीं है इस वजह से लोगों को किसी भी तरह बाहर से दवा खरीदने के लिए पैसा नहीं मिल सकता। शिविरों में रहने वाले और विशेष रूप से संघर्ष क्षेत्रों के रोगियों को अस्पताल पहुंचने में दिक्कत होती है।

रेफरल स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही शैक्षिक सुविधाएं घाटी में स्थित हैं और इसलिए हाल-फिलहाल पहाड़ियों में बने शिविरों में रहने वाले लोगों के लिए यह सुविधा दुर्गम हैं। हालांकि पहाड़ी क्षेत्रों में अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे भी मौजूद हैं लेकिन वहां घाटी की तुलना में कर्मचारियों के खाली पदों की संख्या बहुत अधिक है। स्वास्थ्य सुविधाओं में विशेषज्ञों, दवाओं और उपभोक्ता सामग्रियों की भारी कमी है। मौजूदा संघर्ष ने पहले से ही कमजोर स्वास्थ्य प्रणाली की समस्या को और बढ़ा दिया है।

अन्य राज्यों की तुलना में मणिपुर के स्वास्थ्य संकेतक, शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर और 5 वर्ष से कम आयु के कुपोषण के अखिल भारतीय औसत (एसआरएस 2020) से बेहतर हैं। यदि राज्य में अशांति का वर्तमान माहौल जारी रहता है तो इनमें से कुछ स्वास्थ्य संकेतक खराब हो सकते हैं।

मणिपुर के नागरिक अपने परिवार के सदस्यों की मृत्यु के साथ अपनी संपत्ति और आजीविका के नुकसान से भी दुखी हैं। भीड़भाड़ वाले शिविरों में तीन महीने से रहना तनावपूर्ण है। दोनों समुदायों में एक-दूसरे के खिलाफ गुस्सा और नाराजगी है। विस्थापन और कभी-कभी माता-पिता या भाई-बहन की मौत से बच्चे तनावग्रस्त और सदमे में हैं। अनिश्चित भविष्य और घर वापसी की अनिश्चितता ने तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को और बढ़ा दिया है। संघर्ष से कृषि गतिविधियां प्रभावित हुई हैं क्योंकि लोग बचाव के लिए अपनी जमीनें छोड़कर भाग हैं। स्कूली बच्चे, कॉलेज के छात्र और पेशेवर पाठ्यक्रम करने वाले लोग अपनी पढ़ाई फिर से शुरू नहीं कर पा रहे हैं। हमलों के डर से कुकी छात्र घाटी के अपने कॉलेजों में वापस नहीं जा सकते। उन्हें अपना भविष्य अनिश्चित लगता है।

मणिपुर का मानवीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट असाधारण है। दो समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष के कारण जान-माल का नुकसान हो रहा है। बड़े पैमाने पर विस्थापन हो रहा है। इन कारणों से स्वास्थ्य प्रणाली पंगु हो रही है और इसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रतिकूल परिणाम होंगे।

सरकार सेवाएं प्रदान करने की कोशिश कर रही है लेकिन निरंतर हिंसा और लोगों के लगातार विस्थापन को देखते हुए व्यापक चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य समुदाय के लिए इन सेवाओं की व्यवस्था और पूरा करना महत्वपूर्ण है।

> **मणिपुर का मानवीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट असाधारण है। दो समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष के कारण जान-माल का नुकसान हो रहा है। बड़े पैमाने पर विस्थापन हो रहा है। इन कारणों से स्वास्थ्य प्रणाली पंगु हो रही है और इसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रतिकूल परिणाम होंगे। सरकार सेवाएं प्रदान करने की कोशिश कर रही है।**

तत्काल स्वास्थ्य आवश्यकताएं चिकित्सा आपूर्ति के साथ-साथ वहां काम करने वाले कर्मचारियों के लिए भी जरूरी है। वहां अभी जिन बातों की आवश्यकता है, उनमें प्रमुख हैं- गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों, बुजुर्गों और पुरानी बीमारी से पीड़ित लोगों को वरीयता के साथ प्राथमिक देखभाल प्रदान करने के लिए चिकित्सा पेशेवरों को स्वयंसेवा करनी चाहिए, ऐसे स्वयंसेवक वहां तैनात हों जो दु:ख और सदमे की स्थिति से उबरने के लिए परामर्श प्रदान कर सकते हैं या फिर इसे प्रदान करने के लिए स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित कर सकते हैं, स्थानीय स्वयंसेवकों के लिए बुनियादी स्वास्थ्य प्रशिक्षण जिससे वे छोटी बीमारियों का इलाज करने, प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने और रोग निगरानी कर सकें और इलाज के लिए स्वास्थ्य किट का प्रावधान हो, दवाएं, आपूर्ति आदि।

इसमें संदेह नहीं कि दोनों समुदायों के साथ विश्वास बहाली के उपायों को शुरू करके यथाशीघ्र शांति बहाली सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकार को बिना किसी भेदभाव के राहत और पुनर्वास सुनिश्चित करना चाहिए।

निम्नलिखित प्राथमिकताओं की पहचान करते हुए उम्मीद करनी चाहिए कि ये प्रथमिकताएं पूरी की जानी चाहिए : सरकार उचित पोषण, सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता के प्रावधान सहित सभी शिविरों को चलाने की पूरी जिम्मेदारी ले, सभी शिविरों में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत बनाना, जिन लोगों ने अपने पहचान पत्र खो दिए हैं उन लोगों के पहचान दस्तावेजों को बहाल करने की आवश्यकता है, महिलाओं की सुरक्षा, यौन उत्पीड़न की रोकथाम और यौन हिंसा के मामले में त्वरित कार्रवाई करना, स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सा आपूर्ति के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराना और रोगियों और सुविधाओं दोनों तक पहुंचने की अनुमति दी जानी चाहिए, चिकित्सा, नर्सिंग और स्वास्थ्य विज्ञान से संबद्ध छात्रों को राज्य के भीतर या बाहर अपनी पढ़ाई फिर से शुरू करने में सक्षम बनाना, प्रभावित व्यक्तियों का यथाशीघ्र पुनर्वास आदि।

मणिपुर में चल रहे संघर्ष का समाधान केवल निरंतर राजनीतिक प्रयास और अंतर-सामुदायिक सुलह के माध्यम से ही हो सकता है लेकिन यह जरूरी है कि चिकित्सा बिरादरी के सदस्य होने और भारतीय नागरिकों के रूप में स्थायी शांति स्थापित होने तक मणिपुर के लोगों की पीड़ा कम करने के लिए काम करें।

*(डॉ. जकरिया, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर में मेडिसिन के प्रोफेसर हैं। डॉ. अटकुरी मध्य भारत में आदिवासी और ग्रामीण समुदायों के लिए कार्यरत हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)*

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### मनाया श्रावण मिलन उत्सव



**भैरूंदा/नसरूल्लागंज, देशबन्धु।** श्रावण मास के पवित्र माह में महिला मंडल जहां पूजा पाठ, व्रत मंदिरों में जलाभिषेक एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के साथ खुशियों को बांटने के लिए विभिन्न आयोजन कर रहा है। विगत दिनों फ्रेंडशिप डे के दौरान नगर के स्थानीय कृषक संगोष्ठी भवन में महिला मंडल के फ्रेंडस फार एवर ग्रुप के द्वारा श्रावण महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिला मंडल ने विविध प्रतियोगिता,भजन, पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी किए गए। महिलाओं एवं बालिकाओं ने जमकर सभी कार्यक्रमों में भाग लिया। वही सभी को कार्यक्रम मे स्वल्पाहार भी कराया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर परिषद भेरुन्दा अध्यक्ष मारूति शिशिर की धर्मपत्नी रमा शिशिर ने किया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से शामिल रही। प्राची जाट ,प्रतिभा मकवाना ,रितु परिहार ,नीता अग्रवाल, इंदु मालवीय, विद्या पवार आदि महिलाएं मुख्य रूप से शामिल रही।

### एसडीएम ने किया आंगनबाड़ी व सीएम राइज स्कूल के स्थल का निरीक्षण



**सिरोंज, देशबन्धु।** अनुविभागीय अधिकारी ने शहर के वार्ड क्रमांक 9, 11 एवं 12 के आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस वार्ड क्रमांक 9 (1), वार्ड 9 (ठ) ,वार्ड 11 (1), 11 (ठ) तथा वार्ड 12 (ब) के आंगनबाड़ी केन्द्र बंद मिले एवं कार्यकर्ता, सहायिका अनुपस्थित मिली। आस-पास के लोगों द्वारा बताया कि इन आंगनबाड़ियों में हमेशा से ऐसी ही स्थिति रही है है साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र निजी घर में संचालित है तथा अनेक अनियमितताएं है। इस पर अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास जिला विदिशा को दंण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु संबंधित कार्यकताओं, सहायिकाओं के विरूद्ध पत्र लिखा गया है। इसके बाद उत्कृष्ट रोड पर सीएम राइस स्कूल के निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे व स्थल का निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण में पाया गया कि प्रस्तावित भूमि रोड से कुछ नीचे है जिसके भराव हेतु अतिरिक्त व्यय होगा इसके लिए उन्होंने एक तकनीकी टीम का गठन किया जो अब यह जांच करेगी की स्थल को रोड के लेवल तक लाने के लिए कितना अतिरिक्त व्यय होगा। उन्होंने बताया कि सीएम राइस स्कूल एक बहुत ही बड़ा प्रोजेक्ट है जो करीब 35 करोड़ का है इसके निर्माण हेतु ऐसी जगह का चयन किया जाएगा जिस पर आवागमन सुविधाजनक हो इसके अलावा भी कई बिंदुओं पर जांच की जावेगी।

### साहू बने तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष



**सिरोंज, देशबन्धु।** गत दिनों म.प्र सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा कौशल विभाग के अपर सचिव डॉ. एम.आर. धाकड़ के द्वारा राज्यपाल के निर्देशानुसार आदेश्स जारी कर जबलपुर निवासी रविकरण साहू को तेलघानी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया जिससे साहू समाज में हर्ष व्याप्त है और रविशंकर साहू को बोर्ड का अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी है। शुभकामनाएं देने वालों में एडवोकेट पूरन साहू, रामप्रकाश साहू, आदि समाजजन शामिल रहे।

# विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही: डॉ. चौधरी

▸ स्वास्थ्य मंत्री ने 2 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया



**गैरतगंज, देशबन्धु।** विकास करना सरकार की पहली प्राथमिकता है, इसके अलावा लोग सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हों इस पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गांव और शहर सभी जगह मप्र सरकार द्वारा लोगों को विकास और हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। नगर परिषद क्षेत्र में विकास पर्व के तहत आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन तथा वृद्धजन सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह बात क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कही। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने गैरतगंज नगर के विभिन्न वार्डों में एक करोड़ सत्तर लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं सात लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। वहीं 300 वृद्धजनों का सम्मान किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का मिशन है कि जन कल्याण हो। आज हमारे यहां डबल इंजिन की सरकार है और इसलिए विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। विशेष तौर पर लोगों की सुविधा के लिए अधोसंरचना व आवश्यकता के कार्य किए जा रहे हैं तथा अधोसंरचनात्मक विकास को तेजी से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष विजय पटेल, नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई, नप उपाध्यक्ष अशोकसिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संजय जैन सहित अन्य लोगों ने सरकार के जनहितैषी कार्यों की सराहना करते हुए मंत्री की सक्रियता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### समरसता यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

**रायसेन, देशबन्धु।** संत शिरोमणि रविदास जी के संदेश और जीवन मूल्यों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से निकाली जा रही समरसता यात्रा शुक्रवार को रायसेन नगर से होते हुए नकतरा, नरवर, सिरसोदा, देवनगर, गढ़ी होते हुए गैरतगंज पहुंची। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी तथा सिलवानी विधायक रामपाल सिंह चरण पादुका सिर पर रखकर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान रायसेन तथा गैरतगंज में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अतिथियों द्वारा संत शिवरोमणि रविदास जी की जीवन गाथा तथा उनके आदर्शो के बारे में उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया। जनसंवाद कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि संत रविदास के विचार, शिक्षाएं और प्रेरणा सदियों तथा दशकों से मानवता का मार्गदर्शन कर रही हैं। सिलवानी विधायक रामपाल सिंह ने कहा कि सागर में सौ करो? रूपये से अधिक की लागत से बनने वाला मंदिर और स्मारक में अनूठा होगा एवं विश्व में एक उदाहरण बनेगा। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने सामाजिक सदभाव, समरसता और समानता का मंत्र दिया। वे इस अवसर पर साधु-संत, नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, कलेक्टर अरविंद दुबे, जिला पंचायत सीईओ अंजू भदौरिया, मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समरसता यात्रा का मार्ग में जगह-जगह अनेक संगठनों तथा नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही चरण पादुका तथा कलश की पूजा-अर्चना की गई।

28 स्थानों पर चल रहा पौधारोपण कार्यक्रम

# नवीन न्यायालय परिसर में न्यायाधीशों ने किया पौधारोपण



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार पंच-ज अभियान के अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से 15जुलाई से 15अगस्त तक वृहद पौधारोपण अभियान शासन के सहयोग एवं समन्वय से आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को नवीन न्यायालय परिसर रजोदा एवं एडीआर सेंटर में पौधा रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति नीलम मिश्रा प्रथम जिला न्यायाधीश अशोक भारद्वाज ने पौध रोपण कर हरियाली का संदेश दिया इस अबसर पर न्यायाधीश डीएस परमार, न्यायाधीश शशांक सिंह,न्यायधीश पार्थ शंकर मिश्र न्यायाधीश रावेन्द्र सोनी, न्यायाधी राहुल निरंकारी न्यायाधीश,श्रीकृष्ण बरार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनोज मिश्रा थाना प्रभारी शहर अभिभाषक संघ अध्यक्ष अखिलेश लाहोरी ,सचिव नेतराम रघुवंशी अधिवक्ता राजेश सक्सेनख, दिनेश असैया महमूद हसन, वरूण चौब सुनील बाबू पिंगले, महेन्द्र रघुवंशी, अखिलेश शुक्ला, प्रमेन्द्र नामदेव, रामकेवल सिंह, सतीश चंद्र दुबे, शरद गौड,विक्की, भारती उईके, ज्योति पाल, रूविना बी, आकाश कुर्मी अभिषेक पुरोहित उपस्थित थे।


मालूम होकि लगभग 28 स्थानों को थाना शहर बासौदा, थाना देहात बासौदा, उत्कृष्ट उमा विद्यालय बासौदा, सी एम राइज स्कूल राजेन्द्र नगर, कन्या विद्यालय, कृषि महाविद्यालय बासौदा, पारसरी नदी मुक्तिधाम, रतन बाई स्कूल बासौदा, मानस भवन मंदिर परिसर, गौशाला खेडापति हुनमान मंदिर वार्ड 21, कृषि उपज मंडी बरेठ रोड, एसजीएस कालेज, वात्सल्य स्कूल बासौदा, स्कूल आफ एक्सीलेंस ,लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय , माडल स्कूल लाल पठार सरस्वती शिशु मंदिर लाल पठार , नवीन न्यायालय भवन रजोद एडीआर भवन रजोदा , इंटर नेशनल पब्लिक स्कूल लालपठार, केन्द्रीय विद्यालय लाल पठार, महाविद्यालयीन अनुसूचित जाति बालक छात्रावास उपजेल, अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास पचमा बायपास, आईटीआई चौरावर, ग्राम पंचायत भवन चौरावर, बीएड कालेज बैतोली कमलदीप स्कूल मील रोड चिन्हित कर पौधा रोपण का कार्यक्रम वन विभाग एवं शासन के सहयोग एवं समन्वय से आयोजित किया जा रहा है।

# साप्ताहिक हाट बाजार में सड़क किनारे लगती है दुकानें, हादसे का डर



**सिरोंज, देशबन्धु।** सालों बाद भी साप्ताहिक हाट बाजार की बैठक व्यवस्था को समुचित स्थान नहीं मिल सका। बस नपा द्वारा साप्ताहिक हाट बाजार के दिन बाजार बैठक शुल्क आम दिनों की अपेक्षा दुगुना 10 रूपये कर दिया गया मगर हाट बाजार की बैठक व्यवस्था के लिए चिंतित नजर नहीं आ रही है। मालूम हो कि तालाब किनारे कब्रस्तान की बाउंड्रीबाल से सटकर हाट बाजार में सब्जी व अन्य छोटी छोटी दुकानें सड़क के किनारे लगती है उसी मुख्य मार्ग काफी व्यस्तम मार्ग होने और बस, ट्रक व अन्य बड़े वाहनों की आवाजाही चौबीसों घंटे जारी रहती है जिससे शुक्रवार को आयोजित हाट बाजार में खरीददारी करने आये लोग व सड़क किनारे बैठे दुकानदारों को हरसमय वाहनों के आवागमन से दुर्घटनाओं की आशंका लगी रहती है मगर जिम्मेदारों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विदित हो कि दस बारह वर्षो पूर्व साप्ताहिक हाट बाजार की दुकानें राज बाजार स्थित जनपद पंचायत के तिराहे से शुरू होकर पुराना बसस्टैंड स्थित पोस्ट ऑफिस तक लगती थी जिसमें काफी लोगों की भीड़ खरीददारी के लिऐ उमड़ती थीं मगर तत्कालीन नपा द्वारा उक्त स्थान से हाट बाजार हटाकर नवीन सब्जी मंडी में आयोजित किये जाने लगा। जहां पर खरीददारी के लिए न तो लोग पहुंचते थे और ना ही अधिकांश दुकानें लगती थी। जिसके कुछ माह पूर्व तालाब किनारे लगने लगा जहांपर वाहनों के आवागमन के चलते हादसों को खुला आमंत्रण दिया जाता हुआ प्रतीत हो रहा है।

# मनीषा की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गडोरापुरा में बीती रात्रि नवविवाहित युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत हो गई। परिजनों ने पति एवं ससुरालियों पर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है।

मृतिका के भाई बृजेश ने बताया कि मनीषा पुत्री जगन्नाथ 25 वर्ष का विवाह 2 माह पूर्व 12 मई 2023 को गडोरापुरा निवासी संजय जाटव के साथ हुआ था और पिता ने सामर्थ अनुसार अनुसार दान दहेज भी दिया। शादी के बाद से ही पति संजय एवं ससुरालजन उसे प्रताड़ित कर रहे थे और कह रहे थे कि तुम्हारे पिता ने हल्की बाइक दी है, महंगी वाली बाइक नहीं दी तथा अन्य प्रकार की मांगे कर रहे थे। बृजेश एवं उसके परिजनों का आरोप है कि मनीषा ने स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या नहीं की है, बल्कि ससुरालीजनों ने उसे मारकर फांसी पर लटकाया है। मनीषा के परिजनों को कैटरीना की सूचना शुक्रवार की सुबह 4 बजे मिली, जिसके बाद परीजन दामाद के गांव पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा मनीषा के शव को पीएम हेतु ले जाया गया। पीएम के बाद सब परिजनों को सौंपकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच आरंभ कर दी है।

# क्वॉरी नदी में डूबे वृद्ध का शव रेस्क्यू कर निकाला

**मुरैना।, देशबन्धु।** जिले के दिमनी थाना अंतर्गत लहर गांव स्थित क्वॉरी नदी में डूबे एक वृद्ध व्यक्ति को शुक्रवार की सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन कर निकाल लिया गया। शव निकालने के लिए पुलिस एवं रेस्क्यू टीम को भारी मशक्कत करनी पड़ी।

बताया जाता है कि दिमनी थाना क्षेत्र में उदयभान सिंह (62) पुत्र शैतान सिंह गुर्जर निवासी लहर गुरुवार की शाम को भूमिया बाबा मंदिर के पास से गुजर रहा था, तभी क्वॉरी नदी में गिर पड़ा और गहरे पानी में डूब गया। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीण एवं गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची तथा काफी देर रात तक सब ढूंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, पर कोई सफलता नहीं मिली। शुक्रवार की सुबह



एसडीआरएफ की टीम ने सर्चिंग के दौरान शव को ढूंढ निकाला और सब परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिला अस्पताल में सुविधाओं के नाम पर खानापूर्ति, मरीजों में आक्रोश



**मुरैना, देशबन्धु।** जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती दो अलग-अलग नवजात बच्चों की देर रात मौत हो गई, जिस समय बच्चों को भर्ती किया गया था, उस समय उनकी हालत इतनी खराब नहीं थी कि उनकी मौत हो जाए। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पीड़ितों का आरोप है कि आज रात में लगभग 4-5 घटनाएं हुई हैं और अस्पताल प्रबंधन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। बताया जाता है कि रजनी पत्नी अमित सिंह तोमर उम्र 24 निवासी फूलसाह का पुरा उसेद थाना महुआ 7 अगस्त को भर्ती हुई थी तथा 8 अगस्त को बच्चा हुआ और उसे डॉक्टरों ने एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां देर रात नवजात बच्चे की मौत हो गई। इसी प्रकार मुन्नी पत्नी अजय शर्मा उम्र 25 निवासी ऐसाह दिमनी 5 दिन पहले अस्पताल में भर्ती हुई थी और उसने भी बच्चे को जन्म दिया। 10 अगस्त की रात को नवजात बच्चे को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती किया गया तथा उसकी भी मौत हो गई। दोनों नवजात बच्चों के परिजनों ने डॉक्टर्स पर लापरवाही का आरोप लगाकर अस्पताल में शुक्रवार की सुबह हंगामा कर दिया। मृत नवजात बच्चे के परिवार से पीड़ित राजीव ने बताया कि जिला अस्पताल एसएनयुसी वार्ड में डॉक्टर्स बच्चों को सही तरीके से नहीं देखते हैं और रात्रि में सो जाते हैं, वहीं स्टाफ भी लगातार लापरवाही देता है। जिला अस्पताल इस समय नरक अवस्था में पहुंच चुका है और मरीजों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। एक और राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने की बात कर रही है, तो वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य महकमें मैं पदस्थ अधिकारी, डॉक्टर एवं स्टाफ सरकार की मनसा को धूमिल कर रहे हैं। जिला अस्पताल पर करोड़ों रुपया पानी की तरह बहाने के बाद भी व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है और ना ही आमजन को लाभ मिल पा रहा है। इसके अलावा तमाम समस्याएं जिला अस्पताल में व्याप्त है।

# कार्यकर्ता ईमानदारी से कार्य करेगा तो सभी विधानसभा सीट जीतेंगे: भाटिया

▸ म.प्र. सह प्रभारी ने ली जिला स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक



**मुरैना, देशबन्धु।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय सांता बाग कॉलोनी चंबल कोठी पर जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक आहूत की गई। जिसमें विशिष्ठ अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश सह प्रभारी शिव भाटिया मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी एवं संपूर्ण जिले में मतदाता सूची में नए नाम जुड़वाने, हटवाने एवं नाम मे संशोधन करना रहा। बैठक की अध्यक्षता मधुराज तोमर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण मुरैना एवं दीपक शर्मा अध्यक्ष शहर जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना ने की।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि श्री भाटिया ने अपने उद्बोधन मे कार्यकर्ता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि हर एक कांग्रेस कार्यकर्ता जिले में पार्टी के लिए पूर्ण समर्पित होकर ईमानदारी से कार्य करेगा तो निश्चित ही जिले की 6 सीटों पर जीत दर्ज की जाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण मधुराज तोमर एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि सभी कांग्रेसियों के अंदर काबिलियत है। सभी कार्यकर्ता अपने आप में एक सक्षम नेता है।

उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते हुए श्री भाटिया को भरोसा दिलाया कि हम अपने जाबांज कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बल पर मुरैना जिले की संपूर्ण 6 सीटों पर जीत दर्ज करेंगे और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाकर कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उक्त बैठक में म.प्र.किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, संगठन मंत्री शहर सत्यपाल कुशवाह, संगठन मंत्री ग्रामीण सुभाष सिंह सिकरवार, राकेश मावई विधायक, रविंद्र सिंह तोमर विधायक दिमनी, अजब सिंह कुशवाह विधायक सुमावली, बैजनाथ कुशवाहा विधायक सबलगढ़ सहित तमाम पदाधिकारी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कबाड़े की दुकान का शटर खोलते ही करंट लगने से गाड़ी चालक की मौत

**मुरैना, देशबन्धु।** स्टेशन रोड थाना अंतर्गत मुरैना अंबाह तिराहा रोड पर शुक्रवार की सुबह कबाड़े की दुकान का शटर खोल रहे गाड़ी चालक की करंट लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृतक का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच आरंभ कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्राइवर रवि पुत्र पप्पू रजक 25 वर्ष निवासी तुस्सीपुरा काली माता वाली गली जेएस गार्डन के पीछे मुरैना शुक्रवार की सुबह भाड़ा ले जाने के लिए शुक्रवार की सुबह 6 बजे करीब बालाजी पेट्रोल पंप के पास कबाड़े की दुकान पर गाडी लेकर गया हुआ था। जैसे ही उसने कबाड़े की दुकान का शटर खोला तो उसमें करंट प्रवाहित हुआ और जोर का करंट लगने से वही घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देख आसपास के लोग एकत्रित हुए तथा पुलिस एवं परिजनों को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### भोपाली तक निकाली कावड़ यात्रा



**मुलताई, देशबन्धु।** मां ताप्ती की पवित्र नगरी मुलताई में सावन एवं पुरुषोत्तम मास के अवसर पर धर्म जागरण कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। शुक्रवार सुबह 11 बजे सबसे पहले सभी शिव भक्तो ने मां ताप्ती मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर पवित्र ताप्ती जल लेकर, कावड़ यात्रा पवित्र स्थल भोपाली के लिए रवाना हुई। धर्म जागरण कावड़ यात्रा में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न नेतागण दिखाई दिए। जिनमें प्रमुख रूप से हेमंत विजय राव देशमुख, राजू अनुराग पवार, नरेश फाटे सहित युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भास्कर मगरदे, मुलताई मंडल अध्यक्ष गणेश साहु, कीर्ति यादव, पार्षद रितेश विश्वकर्मा, राहुल साहु, सागर साहु, विकास पवार, सोनू शर्मा एवं संघ के कार्यकर्ता बड़ी सख्या में शामिल रहे।

### जन सेवा मित्रों ने प्रभात पट्टन के नए सीईओ को पौधा भेंट कर किया स्वागत



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन ब्लाक मुख्यालय पर शुक्रवार सीएम रिसर्च एसोसिएट मनदीप सिंह परिहार के नेतृत्व में ब्लॉक प्रभात पट्टन के जनसेवा मित्रों ने, प्रभात पट्टन के नए सीईओ एसएस मरकाम को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। उन्होंने नए जनसेवा मित्र की नियुक्ति के बारे में जानकारी दी और पुराने जनसेवा मित्र द्वारा किए गए 6 महीने के कार्यों के बारे में अवगत कराया। जिसमें विकास यात्रा, डोर टू डोर सर्वे से लेकर लाडली बहना योजना पायलट सर्वे, जनसेवा अभियान, ग्राम सभाएं जैसे कार्यक्रम में जो सहभागिता की उसके बारे में जानकारी दी गई। सीईओ एस एस मरकाम ने सभी जन सेवा मित्र को जमीनी स्तर से जुड़कर शासन के द्वारा मिलने वाली योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने सभी जन सेवा मित्रों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र सुमित बरोदे, अजय सिंह राजपूत, राहुल कटारे, धीरज पटवारी, पूनम सहकारी, दिलासा लोखंडे, क्रांति सविता देशमुख, प्रवीण साहू, दीपा देशमुख, पूनम बारमाशे साधना बनखेड़े, प्रशांत लोखंडे, अकलेश जगदेव, विपिन लघवे, रोशन कोकोड़े, अंकिता मसराम, सीमा साहू, मनीषा गावंडे, रवि भराड़े, हितेश कोलनकर, राकेश इरपाचे, भावना भालेकर और ब्लॉक समन्वयक कन्हैया अमरूते उपस्थित थे।

### एसबीआई अवॉर्ड स्टाफ एम्प्लॉइज यूनियन का क्षेत्रीय सम्मेलन कल

**बैतूल, देशबन्धु।** भारतीय स्टेट बैंक प्रशासनिक अंचल भोपाल के क्षेत्र क्रमांक 6 बैतूल का क्षेत्रीय सम्मेलन 13 अगस्त को बैतूल के रामकृष्ण बगिया गंज में आयोजित होगा। संघ के क्षेत्रीय सचिव मिलिंद पात्रीकर ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में अखिल भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन के अध्यक्ष एवं संघ के भोपाल सर्कल के महासचिव श्री अरुण भगोलीवाल मुख्य अतिथि होंगे। यूनियन भोपाल सर्कल के सर्कल अध्यक्ष नलिन शर्मा सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। क्षेत्रीय प्रबंधक विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। सम्मेलन में बैतूल एवं हरदा जिले में कार्यरत सभी एसबीआई कर्मचारी शामिल होंगे। यूनियन के बैतूल हरदा संगठन के सचिव दीपक घोघरकर एवं शहबाज अहमद मंसूरी ने बताया कि आयोजित सम्मेलन दो सत्रों में होगा। उदघाटन सत्र सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा।

# विवाद खत्म, अब 15 अगस्त को लहराएगा जिले का सबसे ऊंचा 101 फिट राष्ट्रीय ध्वज

**▶ शाहिद स्तंभ के पास शुरू हुआ निर्माण कार्य प्रारंभ**



**मुलताई, देशबन्धु।** बस स्टैंड शहीद किसान स्तंभ के समीप लगने वाले 101 फीट ऊंचे तिरंगे को लेकर बीते एक सप्ताह से चल रहे विवाद का आज पटाक्षेप हो गया। सभी प्रमुख अधिकारियों से चर्चा के बाद शुक्रवार को ध्वज लगाने के लिए निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। अब स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर शहीद स्तंभ के समीप 101 फीट का राष्ट्रीय ध्वज जो जिले का सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज होगा फहराया जाएगा।

नगर के विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता गुरुवार देर रात तक राष्ट्रीय ध्वज निर्माण स्थल पर सद्बुद्धि पाठ करते रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम तृप्ति पटैरिया, एसडीओ पुलिस सुरेश पाल सिंह, तहसीलदार अनामिका सिंह, नगर पालिका अधिकारी आरके इवनाती ने थाना मुलताई में समाजसेवी लोकेश गीदकर के साथ चर्चा की। अधिकारियों से चर्चा के बाद लोकेश ने बताया कि थाने में अधिकारियों से चर्चा के बाद सभी ने ध्वज लगाने में सहयोग देने का आश्वासन किया, किंतु उन लोगों का कहना था कि भारतीय ध्वज संहिता का उल्लंघन ना हो। लोकेश कहते हैं कि तिरंगा हर भारतीय की पहचान है ।

**ध्वज लगाने के बाद 2 साल तक करेंगे रखरखाव:** थाने में चर्चा के बाद नगर पालिका अधिकारी आरके ईवनाती, योगेश अनेराव तिरंगा स्थल पहुंचे जहां उन्होंने तिरंगा लगाए जाने के पक्ष में प्रदर्शन कर रहे विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उन्होंने लोकेश गीदकर ,रोबिन सिंह परिहार, शुभम पंडाग्रे, राहुल वराठे, गगन साहु, लोकेश देशमुख, संतोष रॉय, शेख अबरार, संजू साहू, सलमान, जतिन साहु आदि से कहा कि ध्वज आचार संहिता का उल्लंघन ना हो और इसका मेंटेनेंस नियमित रूप से हो सके। साफ सफाई हो सके इसका ध्यान रखा जाना चाहिए। लोकेश ने उन्हें बताया कि 2 वर्षों तक ध्वज स्थल एवं ध्वज का मेंटेनेंस हमारी संस्था करेगी। कोलोडिंग यूनियन के दीनू बारंगे ने बताया कि हमने कोई आपत्ति नहीं ली है और ध्वज लगाया जाना चाहिए।

**एक सप्ताह से चल रहा था घटनाक्रम:** देश में आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है। हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है किंतु नगर की शोभा बनने वाले राष्ट्रीय ध्वज की अनुमति के लिए युवा बीते 1 माह से ऑफिस ऑफिस अनापत्ति प्रमाण पत्रों के लिए घूमते रहे। जब बिजली ऑफिस, नगर पालिका, तहसील आदि सभी स्थानों से अनापत्ति प्राप्त हुई तो निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ तो प्रशासनिक अधिकारियों से कुछ लोगों ने शिकायत कर काम रुकवा दिया और ध्वज प्लिंथ को वापस भरवा दिया गया। इसके उपरांत गुस्साए युवाओं ने नगर में हस्ताक्षर अभियान चलाकर ज्ञापन सौंपा। दो दिन के इंतजार के बाद कल फिर नगर के सभी संगठनों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौप प्रशासन को सद्बुद्धि पाठ का प्रारंभ किया, जो आज अधिकारियों से चर्चा के बाद कार्य प्रारंभ होते ही समाप्त किया गया।

### इनका कहना है

अगर किसी को आपत्ति नहीं है तो निकाय को भी आपत्ति नहीं है, किंतु सुरक्षा और ध्वज संहिता नियमों का पालन होना चाहिए। 2 वर्ष के बाद मेंटेनेंस का सवाल है इस संबंध में परिषद में प्रस्ताव रखेंगे।

**आरके ईवनाती, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुलताई**

राष्ट्रीय सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान

# ओझाढाना में टीकाकरण सत्र का किया आयोजन



**बैतूल, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को ओझाढाना लोहिया वार्ड शहरी क्षेत्र में राष्ट्रीय सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 अभियान टीकाकरण सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित वार्डवासियों को टीकाकरण करवाने एवं आस-पास वार्ड के 0 से 5 वर्ष के बच्चों एवं गर्भवती माताओं को टीकाकरण हेतु प्रेरित कर लाने हेतु कहा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.एके भट्ट ने बताया कि 5 वर्ष तक के बच्चों को 11 जानलेवा बीमारियों से बचाने हेतु टीके अवश्य लगाए एवं उन्होंने स्वच्छता संबंधी संदेश देकर अपील की कि वार्ड को शहर का सबसे स्वच्छ वार्ड बनाएं। लोहिया वार्ड ओझाढाना बस्ती में आशा कार्यकर्ता दुर्गा सातनकर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गीता उबनारे द्वारा वार्ड में घर-घर भ्रमण कर हेड काउंट सर्वे कर टीकाकरण से वंचित बच्चे जिसमें आंशिक रूप से टीकाकृत एवं छूटे हुए बच्चे की सूची तैयार की गई। जिसमें 32 बच्चे ड्यू सूची में शामिल थे, 09 अगस्त को 5 बच्चे एवं 1 गर्भवती माता, 10 अगस्त को 7 बच्चे एवं 11 अगस्त को 18 बच्चों को टीकाकृत किया गया। टीकाकरण कार्य कविता पवार, अनुराधा बारंगे एवं एएनएम छोटी पवार द्वारा किया गया। टीकाकरण हेतु ड्यू बच्चों के पालकों को सत्र स्थल पर बच्चों के साथ बुलाया गया। बच्चों को बॉल, गुब्बारे, बिस्किट एवं खिलौने देकर प्रोत्साहित किया गया।

# महाराष्ट्र की सीमा के पास झाड़ियों में छिपाकर रखा था सागौन



**▶ अवैध तस्करी की सूचना पर आठनेर परिक्षेत्र के वन अमले ने की कार्रवाई**

**बैतूल, देशबन्धु।** सागौन तस्करों के खिलाफ दक्षिण वन मंडल द्वारा चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में जहां अवैध सागौन की धरपकड़ की जा रही है, वहीं वन माफिया के खिलाफ भी सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को दक्षिण वन मंडल परिक्षेत्र आठनेर के वन अमले ने छापामार कार्रवाई में बड़ी मात्रा में सागौन का जखीरा बरामद किया। तस्करों द्वारा महाराष्ट्र की सीमा पर जलाशय के पास सीताफल के पेड़ों के बीच झाड़ियों में छिपाकर सागौन की तस्करी की जा रही थी। मुखबिर की सूचना के बाद परिक्षेत्र आठनेर के वन अमले ने मौके पर जाकर कार्रवाई की।

**सूचना पर महाराष्ट्र की सीमा पर पहुंची टीम:** दक्षिण बैतूल सा. वनमंडल अंतर्गत आठनेर परिक्षेत्र में क्षेत्रीय वन अमले के गश्ती के दौरान सागौन चरपट की अवैध तस्करी की सूचना के आधार पर वनमंडलाधिकारी दक्षिण बैतूल सा. वनमंडल विजयानन्तम टी. आर. भा.व.से. तथा उपवनमंडलाधिकारी पूजा नागले भा.व.से. के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी आठनेर अतुल भोयर द्वारा टीम का गठन किया गया। टीम सूचना के आधार पर मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र की सीमा के नजदीक बिसोडी जलाशय के पास पहुंची, जहां सीताफल के पेड़ों के बीच झाड़ियों में सागौन की चरपटों को छुपाकर रखा हुआ पाया गया।

कार्रवाई के दौरान मौका स्थल पर आसपास अज्ञात आरोपियों की तलाश की गई, लेकिन कोई नहीं मिला। मौका स्थल से वन अमले ने 32 नग सागौन चरपट 0.652 घ.मी. काष्ठ जब्त की। जब्त काष्ठ का अनुमानित मूल्य रू. 38 हजार 529 आंका गया। मध्यप्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 के तहत वन अपराध पंजीबद्ध किया गया, फिलहाल अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**इनका रहा विशेष योगदान:** कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी आठनेर अतुल भोयर रा.व.से, मंगल सिंह सिकरवार परिक्षेत्र सहायक हीरादेही, रवीश कंगाले वनरक्षक हीरादेही, खेलेन्द्र रहांगडाले वनरक्षक धारूल, दिलीप नर्रे वनरक्षक केलबीरा, वाहन चालक नूर मोहम्मद तथा सुरक्षा श्रमिक बिसन वाडिवा व नोखीलाल इवने का विशेष योगदान रहा।

# नल-जल योजना की पाइप लाइन बिछाई पर दूर नहीं हुई पानी की समस्या

**▶ ग्रामीण हो रहे परेशान, सरपंच बोले, अधिकारी सुनने को तैयार नहीं**



**भैंसदेही, देशबन्धु।** तहसील के देढ़पानी गांव में पिछले कई महीनों से पीने का पानी की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों को इसकी कई बार शिकायत करने के बाद भी गांव में सुचारू रूप से पानी नहीं पहुंच पा रहा है। गांव निवासियों का कहना है कि नल जल योजना की पाइप लाइन बिछाई गई है लेकिन वह शोपीस बनकर रह गई है। आज तक एक बूंद पानी तक उस पाइप लाइन में नहीं आया। गांव की महिलाओं का कहना है कि हमारे ढाने में एक ही हैंडपंप होने के वजह से पानी भरने में कई बार तो आपस में ही लड़ाई झगड़े होने लगते हैं फिर भी मजबूरी है कि हमें वहीं से पानी भरना पड़ता है।

इसकी शिकायत कई बार सरपंच, सचिव और जनपद के बड़े अधिकारियों को कर चुके हैं फिर भी कोई भी आकर पानी की समस्या को दूर नहीं कर पाया। सरपंच ने चुनाव से पहले ग्रामीणों से वादा किया था कि सबसे पहले पानी की समस्या दूर करूंगा पर वह अब अपना वादा भूल गए हैं। जब भी उनके पास पानी की शिकायत लेकर जाओ सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। देढ़पानी गांव के सरपंच रवि किशोर अखंडे का कहना कि मैंने पीएचई के अधिकारियों से मिलकर पानी की समस्या बताई थी। कलेक्टर और जनपद पंचायत के अधिकारियों को भी गांव में पानी की दिक्कत से अवगत कराया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से भी इसकी शिकायत की है मगर कहीं से भी कोई भी लाभ नहीं मिल पाया। पीएचई अधिकारियों ने जल नल योजना के काम में लापरवाही बरती है जिससे जनता को परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है। मैं समस्या दूर करने का हर संभव प्रयास कर रहा हूं अगर ग्रामीण चाहेंगे तो इस्तीफा भी दे दूंगा।

# कलेक्टर ने स्कूल और मतदान केन्द्र का किया निरीक्षण

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस एवं सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन ने शुक्रवार को जिले के चिचोली विकासखंड के ग्राम बेला, छोटाढाना, चिरापाटला एवं आलमगढ़ पहुंचकर वहां स्कूल, अमृत सरोवर, छात्रावास एवं मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम आलमगढ़ में ग्राम चौपाल आयोजित कर आमजन की समस्याएं भी सुनी। भ्रमण के दौरान कलेक्टर एवं सीईओ ने माध्यमिक शाला बेला का भवन देखा एवं विद्यार्थियों से शैक्षणिक स्तर की जानकारी भी ली। संबंधित शिक्षकों को शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए। यहां निर्मित अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान ग्राम छोटाढाना में प्राथमिक शाला का भी निरीक्षण किया गया। ग्राम चिरापाटला के हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों से अंग्रेजी विषय के शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली। शिक्षकों को शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने इस दौरान स्कूल की प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान बालक छात्रावास चिरापाटला का मरम्मत कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। आलमगढ़ में माध्यमिक शाला भवन में स्थित मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया।

# गायत्री परिवार की महिला साधक करा रही महायज्ञ और शिव अभिषेक

**▶ सोनोरा में विराट राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ हुआ आयोजन**



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर की गायत्री परिवार की साधक महिलाएं मिशन के कार्य को आगे बढ़ते हुए कथा, धर्म संस्कृति एवं पर्यावरण, नशा मुक्ति के कार्यक्रमों में भागीदारी निभा रही है। सामाजिक दायित्वों का निर्वहन, समाधान करते हुए आगे बढ़ रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार ग्राम जौलखेड़ा के 10 घरों में गायत्री महायज्ञ एवं शिव अभिषेक के कार्यक्रम गायत्री परिवार से जुड़ी साधक निर्मल चौधरी, मीरा देशमुख, अनसूया उकंडे, निर्मला पवार, रेखा परिहार, मोहिनी सूर्यवंशी, गंगा नरवरे, गया साहू ने संपन्न कराया। उन्होंने परिजनों को विभिन्न संस्कारों के महत्व बताएं तथा सनातनी परंपरा का निर्वाहन करने की समझाइए दी गई। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में धनराज धोटे की टोली ने विराट राष्ट्र जागरण दीप महायज्ञ सोनोरा में सम्पन्न करवाया। टोली में उपस्थित दीक्षा धोटे एवं पूनम घोटे ने प्रज्ञा गीत के साथ राष्ट्र के नव निर्माण हेतु युवाओं, उपस्थित जनों को प्रेरणास्पद संदेश दिया। इसके साथ ही स्वाध्याय, सत्संग, सेवा ,साधना ,उपासना, आराधना के बारे में गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का संदेश प्रज्ञा धोटे ने दिए गए दीप यज्ञ में ग्राम सोनोरा ग्रामीणों के साथ करजगांव , पारेगांव ,वलनी आदि ग्रामों से भी सैकड़ों भाई बहन दीप यज्ञ में शामिल हुए। साथ ही मुलताई से गायत्री परिवार विकासखंड समन्वय समिति के समन्वयक गणपति गायकवाड़ ,नारायण देशमुख, ,श्यामराव बारस्कर ,वासुदेव धोटे, , दीपचंद बनखेडे, रामकीशोर बनखेडे, गायत्री परिवार ट्रस्ट मुलताई के ट्रस्टी संजू बरोदे ,जगदीश चंद्र पवार समाजसेवी व्यवसाय मुरारी लाल अग्रवाल, सातपुते सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ परिजन उपस्थित रहे।

*मेरी माटी, मेरा देश के तहत जेएच कॉलेज में किया पौधरोपण*

# सभी संस्थानों में पौधे लगाना उत्तम कार्य: कलेक्टर



**बैतूल, देशबन्धु।** जेएच कॉलेज बैतूल में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत कलेक्टर अमनबीर सिंह बैस मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के अक्षत जैन आदिम जाति कल्याण विभाग की सहायक आयुक्त शिल्पा जैन प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी रासेयो जिला संगठन डॉ. सुखदेव डोंगरे भौतिक शास्त्र के विभाग अध्यक्ष डॉ. सलिल कुमार दुबे की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों द्वारा शुक्रवार को अमलताश, क्रिसमस ट्री, पाम, अशोक, जासोन, नीम एवं अन्य कुल 25 पौधे महाविद्यालय परिसर में लाइब्रेरी के सामने जैविक खाद के साथ लगाए गए। कलेक्टर अमनबीर सिंह ने कहा मेरी माटी मेरे देश के अंतर्गत सभी संस्थान में पौधे रोपित करना उत्तम कार्य है। प्राचर्य डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने कहा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत 26 जुलाई से 15 अगस्त के बीच सभी महाविद्यालय में पौधे रोपित करना अनिवार्य है। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा सभी महाविद्यालय अपने-अपने महाविद्यालय के परिसर में 75 पौधे रोपित कर अमृत वाटिका बनाकर बनाकर बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल को जानकारी प्रेषित करने का अनुरोध किया। पौधा रोपण कार्यक्रम को सफल बनाने मनोज घोड़से, विवेकानंद पकोष्ठ के ऋषिकांत पंति, अमित आर्य, देवराज, गुड्डू पाटिल, हिमांशु, आयुष, रंजीत, कुणाल, सुरभि, अंजलि, निकिता, किरण, गंगा, नानीबाई सहित 50 विद्यार्थियों का सक्रिय सहयोग रहा।

**महिला आईटीआई में 75 पौधे लगाए:** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष ब्रज आशीष पाण्डे, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक रोहित डावर, सहायक संचालक उद्योग विभाग ओजश्विनी टेंभरे, जिला उद्योग संघ के सचिव एवं संस्था आईएमसी के चैयरमैन पियुष तिवारी, आईएमसी सदस्य इकबाल पटेल, सुरेन्द्र कपूर, नोडल प्राचार्य केशव सातपुते एवं प्रशिक्षण अधीक्षक मुकेश पंडोले ने संस्था परिसर में 75 पौधों का रोपण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रज आशीष पांडे ने बताया कि जीवन की दृष्टि से पर्यावरण मानव के लिए सर्वोच्च जरूरत है। पर्यावरण संरक्षण के लिये पौध रोपण अहम पहल है, क्योंकि जीवनदायनी ऑक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत वृक्ष ही है। राहुल डावर ने इस अवसर पर संस्था द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 पौधे लगाने की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण की सेहत के लिए दो कामों का निरंतर जारी रहना बेहद जरूरी है। पहला स्वच्छता और दूसरा पौध रोपण। स्वच्छता के अभाव में हमें स्वास्थ्य संबंधी खतरे झेलने पड़ते है।

## सार समाचार

### मतदाताओं ने जानी ईवीएम से मतदान करने की प्रक्रिया



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ईवीएम और वीवीपेट मशीन संचालन संबंधी प्रशिक्षण केन्द्र प्रारम्भ किये गये है। ये केन्द्र जिला मुख्यालय सहित सभी विधानसभा अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में स्थापित किये गये है। शुक्रवार को जिला पंचायत में नवीन मतदाताओं को ईवीएम व वीवीपीएट मशीन संचालन प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर युवाओं ने मॉकपोल करके भी देखा।

### सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर के साथ बैठक ली गई



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को शांति पूर्ण सम्पन कराने के लिए निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा 137 होशंगाबाद, आशीष पांडे द्वारा रेवा कक्ष में विधानसभा 137 के समस्त सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी की बैठक ली गई। जिसमें सभी सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारीयो को मतदान केन्द्रो पर भ्रमण कर संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रो की जानकारी संकलित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक मे मतदान केन्द्रो पर बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की गई मतदाता सूची के वाचन संबंधी जानकारी ली गई। निर्वाचन संबंधी निर्देशो का कड़ाई से पालन हेतु निर्देशित किया गया एवं उक्त बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पराग सैनी, नगर तहसीलदार डॉ बबीता राठौर, ग्रामीण तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर, तहसीलदार इटारसी सुनीता सहानी, एवं अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय नर्मदापुरम एवं इटारसी के सलग्न कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजस्व प्रकरणों के निराकरण के निर्देश

# कलेक्टर ने सिवनीमालवा में किया तहसील, जनपद और नगर पालिका का निरीक्षण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने शुक्रवार को सिवनीमालवा का दौरा किया। उन्होंने तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, नगर पालिका , महिला एवं बाल विकास सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। सबसे पहले कलेक्टर तहसील एवं एसडीएम कार्यालय पहुंचे उन्होंने यहां राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति देखी। उन्होंने सीमांकन, नामांतरण, बटवारा,अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने रीडर लॉगिन में लंबित आरसीएमएस प्रकरणों की भी स्थिति देखी। उन्होंने तहसीलदार को निर्देशित किया कि राजस्व प्रकरणों को व्यवस्थित रूप से दर्ज कर उनका समय पर निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि नामांतरण, सीमांकन आदि प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। उन्होंने प्रकरणों के निराकरण में संतोषजनक प्रगति न होने पर नायब तहसीलदार सिवनीमालवा से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। तहसील कार्यालय के बाद कलेक्टर जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे, यहां उन्होंने अभिलेखों का अवलोकन कर विभिन्न योजनाओं में किए गए व्यय की जांच की। उन्होंने कार्यालय रिकॉर्ड सही नहीं पाए जाने पर उन्हें 15 दिन में दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड



को मदवार दुरुस्त कर जिला कार्यालय प्रतिवेदन भेजे। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय का भी निरीक्षण कर पोषण आहार वितरण तथा स्थापना संबंधी बिंदुओं की जानकारी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों का प्रभावी ढंग से संचालन करने तथा पोषण आहार का सुचारू वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने नगर पालिका का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका में सर्वप्रथम राजस्व विभाग का निरीक्षण किया तथा बहुत अधिक वसूली बकाया होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने वसूली में गति लाने के निर्देश सीएमओ को दिए। इस दौरान कलेक्टर पीएम आवास शाखा भी पहुंचे जहाँ उनके द्वारा स्वीकृत पीएम आवास की सूची की जानकारी ली गई। सीएमओ कार्यालय में उन्होंने कैशबुक का अवलोकन किया तथा कार्यालय अभिलेखों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सिवनी मालवा अनिल जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# बारात में गोली चलाकर 2 व्यक्तियों की मौत के आरोपी को कारावास

**इटारसी, देशबन्धु।** तृतीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश इटारसी श्रीमती सुशीला वर्मा ने चिन्हित एवं सनसनीखेज प्रकरण में दोषी पाते हुये आरोपी शैलेष पाठक पिता रामभरोस पाठक, निवासी बरेली, जिला रायसेन को धारा 304 भादवि में 05 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए तथा धारा 30 आयुध अधिनियम मे 6 माह का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया।

जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि 20 फरवरी 18 को थाना देहात होशंगाबाद नर्मदा अपना अस्पताल होशंगाबाद के वार्ड बॉय अजय अग्रवाल द्वारा एक मेमो पेश किया गया जिसके अनुसार मरीज विनोद मिश्रा पिता बाबूलाल मिश्रा निवासी ग्राम शनिचरा बाजार वार्ड नं. 10 बाबई को 19 फरवरी 18 को शाम 8:45 बजे सुहाग मैरिज पैलेस इटारसी के पास बारात में जाते समय अज्ञात व्यक्ति द्वारा बंदूक से घायल होने के पश्चात प्राथमिक उपचार शासकीय अस्पताल में कराने के उपरांत 19 फरवरी 18 को रात्रि 11:15 बजे गंभीर अवस्था में नर्मदा अपना अस्पताल में इलाज हेतु लाया गया जिसकी उपचार के दौरान 20 फरवरी 18 के सुबह 3 बजकर 6 मिनट पर मृत्यु हो गयी है।

देहात पुलिस होशंगाबाद द्वारा 0 पर मर्ग कायम कर आगामी कार्यावाही हेतु मर्ग डायरी थाना इटारसी को भेजी गयी। जांच के दौरान साक्षी राम अग्रवाल एवं जगत सिंह तथा अमित मिश्रा ने जानकारी दी कि 19 फरवरी 18 को रात्रि करीब 8 बजे विनोद भावसार के घर के सामने मेन रोड नेहरू गंज इटारसी में बारात में शैलेष पाठक ने भीड़ में 12 बोर की बंदूक हवाई फायर करने के दौरान विनोद मिश्रा निवासी बाबई तथा दुर्गेश केवट निवासी पाहनबरी को गंभीर चोटें आयी। घायल विनोद मिश्रा एवं दुर्गेश केवट को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। विनोद की नर्मदा अपना अस्पताल होशंगाबाद में तथा दुर्गेश की हमीदिया अस्पताल भोपाल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। पुलिस ने शैलेश पाठक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

प्रकरण की विवेचना के दौरान घटना स्थल से, मृतक के शरीर से निकले शेल बुलेट मृतक के कपड़े, आरोपी द्वारा प्रस्तुत आरोपी के कपड़े तथा घटना के समय प्रयोग की गयी बारह बोर की एक बंदूक तथा 12 बोर का एक जीवित कारतूस परीक्षण हेतु एफएसएल सागर भिजवाया गया। शासन की ओर से पैरवी हरिशंकर यादव अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी, मनोज जाट सहायक जिला अभियोजन अधिकारी एवं रविन्द्र अतुलकर सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, इटारसी द्वारा की गई।

# कांग्रेस सचिव ने पार्टी कार्यकर्ताओं में किया उर्जा का संचार



**इटारसी, देशबन्धु।** नेशनल हाईवे पर स्थित होटल एक्सप्रेस इलेवन में आज कांग्रेस की बैठक में आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय कपूर ने कार्यकर्ताओं में उर्जा का संचार करते हुए कहा कि इस बार मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि होशंगाबाद की चारों विधानसभा सीट भी कांग्रेस ही जीतेगी।

बैठक में ब्लॉक, नगर, मंडलम, सेक्टर, बीएलए, निर्वाचित जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी किसी को भी टिकट दे, हमें पार्टी के सिंबॉल को लेकर चुनाव लड़ना है। जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी, विधायक संजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशियों की जल्दी सूची जारी होगी। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष माणक अग्रवाल ने भी दोहराया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। बैठक में पूर्व मंत्री विजय दुबे काकूभाई, शिवाकांत गुड्डन पांडे, पूर्व विधायक अंबिका प्रसाद शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नीलम गांधी, अनिल अवस्थी, शिवराज चंद्रोल, कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार उपाध्याय केलू, जिला संगठन मंत्री मधुसूदन यादव सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता ही सर्वोपरिः पटेल




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी सोहागपुर विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन शुक्रवार को सेमरी हरचंद कृषि उपज मण्डी में संपन्न हुआ। भाजपा का झण्डा फहराकर, वंदे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है आज आपकी नैतिक जिम्मेदारी बनती है हमें चुनाव में पार्टी को विजयश्री दिलाने के लिए रात-दिन कार्य करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी है जबसे हमारा सिंचाई का रकबा बढ़ गया है। मोदी सरकार का लक्ष्य है कि 2024 तक हर घर में नल एवं जल तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हमने हर गांव को मुख्य मार्गो से जोड़ा है। आज आपकी वोट की ही ताकत है जो नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 और तीन तलाक समाप्त किया है और हम सभी के आराध्य प्रभू श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण का सपना पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोहागपुर विधानसभा के भागीरथ बनकर विधायक विजयपाल सिंह ने 412 ग्रामों में विकास की गंगा बहा रहे है। सम्मेलन में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाते हुए कहा कि आज हम संकल्प लेकर जाए कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचण्ड बहुमतों से विजयी बनाएगें। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी सहित विधानसभा के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदाता सूची से कांग्रेसियों का नाम गायब करने की हो रही साजिश : माणक

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष माणक अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश में वोटर लिस्ट से कांग्रेसियों के नाम गायब कराने की साजिश की जा रही है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इस साजिश को नाकाम करना चाहिए, कांग्रेसी बूथ पर जाकर वोटर लिस्ट में अपना नाम अवश्य देखें। श्री अग्रवाल आज यहां शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सूरजगंज में स्थित बूथ पर अपना और अपनी पत्नी का नाम देखने पहुंचे थे।

बूथ से बाहर मीडिया से चर्चा में श्री अग्रवाल ने कहा कि वे अपना और अपनी पत्नी का नाम देखने यहां आये हैं। प्रदेश में वोटर लिस्ट से कांग्रेसियों का नाम गायब करने की साजिश चल रही है। उन्होंने कहा कि हर कांग्रेसी को वोटर लिस्ट में अपना नाम अवश्य जांचना चाहिए। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के दावे के साथ उन्होंने कहा कि कांग्रेस 150 सीटें प्राप्त करेगी और कांग्रेस की सरकार बनेगी, शिवराज सिंह चाहें जितनी कोशिश कर लें, जनता कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। स्वयं के होशंगाबाद विधानसभा से चुनाव लड़ने की अटकलों पर उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस के सिपाही हैं, पार्टी जो आदेश करेगी उसे पूरा करेंगे। यदि पार्टी यहां की जिम्मेदारी देगी तो वे चुनाव लड़ेंगे। न केवल लड़ेंगे, बल्कि जीतने के लिए ही चुनाव लड़ेंगे।



इस अवसर पर कांग्रेस नेता ओम सेन, शिवाकांत गुड्डन पांडेय, नंदू वर्मा, राहुल दुबे, मुकेश गांधी, रामशंकर सोनकर, राहुल वर्मा, कन्हैया गोस्वामी, राजेन्द्र गोस्वामी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जैसवाल, प्रतीक मालवीय सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इटारसी नपा से 11 कर्मचारी गए नागद्वारी मेला ड्यूटी में

**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका के स्वच्छता विभाग के 11 कर्मचारियों को आज नागद्वारी मेला ड्यूटी में पचमढ़ी भेजा गया है। आज नगर पालिका के वाहन से सभी ओवरब्रिज के नीचे गैराज से रवाना हुए।

रवाना करने से पूर्व स्वच्छता निरीक्षक आरके तिवारी ने सभी को ईमानदारी से, सुरक्षित तरीके से काम करते हुए श्रद्धालुओं की सेवा, सफाई कार्य करने को कहा। सभी कर्मचारियों को पूरी किट के साथ मेला ड्यूटी भेजा गया है। जब तक नागद्वारी मेला चलेगा, ये कर्मचारी पचमढ़ी में रहकर जिले के अन्य नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ मिलकर सफाई व्यवस्था संभालेंगे।



स्वच्छता निरीक्षक आरके तिवारी ने बताया कि नगर पालिका के वाहन में 11 कर्मचारियों को भेजा है। सभी को सुरक्षा और सफाई की सामग्री दी गई है। इनमें टॉर्च, गमबूट, फर्स्टएड, रैनकोट, जैकेट, मास्क, हैंडग्लब्स आदि शामिल हैं। बता दें कि पचमढ़ी में नागद्वारी मेले का आयोजन 12 से 22 अगस्त तक किया जाएगा। मेले में महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, प्रशासन यहां भक्तों के लिए तमाम व्यवस्थाएं करता है।

### कॉलेज एवं कोचिंग के छात्र-छात्राओं से लिया स्वच्छता टीम ने फीडबैक



**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद की स्वच्छता टीम द्वारा एमजीएम कॉलेज में छात्रों से स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 हेतु ऑनलाइन लिंक के माध्यम से फीडबैक लिया गया। कॉलेज प्रशासन के साथ ही नगर पालिका की टीम ने युवाओं की ओर से स्वच्छता और संबंधित मामलों की चिंताओं और प्रश्नों को संबोधित किया और स्वच्छता के प्रति उनके सुझावों को भी दर्ज किया।

इसके अलावा, कॉलेज के वाणिज्य प्रांगण में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के फीडबैक को लेकर व्यापक छात्र प्रतिक्रिया ली गई। इस पहल में छात्रों को मिलकर उनके अनुभवों, सुझावों और कॉलेज पर्यावरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में चर्चा करने का मौका मिला। छात्रों से प्रोएक्टिव रूप से प्रतिक्रिया लेकर ऑनलाइन दर्ज किया गया। कोचिंग क्लास के परिसर में रोहित सिंह तोमर के मार्गदर्शन में, स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के लिए व्यापक फीडबैक संग्रहण अभियान किया। छात्रों को उनके आसपास की सफाई मानकों के बारे में अपनी राय और अभिव्यक्ति व्यक्त दर्ज करने का मौका दिया गया। श्री तोमर के माध्यम से छात्रों को सफाई के प्रति उनकी जिम्मेदारी की भावना को विकसित करने की महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया गया।

# अटल पार्क में लापरवाही पर भड़के नपाध्यक्ष



- बड़ी-बड़ी घास, नपाध्यक्ष ने सामने खड़े रहकर कटवाई
- शाम को अचानक अटल पार्क पहुंचे नपाध्यक्ष पंकज चौरे

**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे आज अटल पार्क में बड़ी बड़ी घास देख भड़क गए, उन्होंने तत्काल ही सामने खड़े होकर मशीन से घास कटवाई। वहीं बंद पड़े फव्बारे के ब्लॉक में भरे हुए पानी को साफ करने के निर्देश दिए।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे आज शाम अचानक अटल पार्क पहुंचे। यहां उन्हें सभी तरफ बड़ी-बड़ी घास दिखाई दी। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री चौरे भड़क गए। उन्होंने साथ मौजूद उपयंत्री आदित्य पांडे से कहा कि जहरीले जीव जंतु इस घास में कैसे नजर आएंगे। यहां बच्चे आकर खेलते हैं, उनकी सुरक्षा कैसे होगी। उन्होंने तत्काल ही घास काटने की मशीन पार्क में चलवाना शुरू कराई। साथ ही कहा कि एक सप्ताह में पूरा पार्क क्लीन दिखना चाहिए।

**बदबू मार रहा था फब्बारे का पानी :** पार्क के फब्बारे में बरसात का पानी जमा था, और यह बंद था। नपाध्यक्ष ने इसे देखकर कहा कि पानी बदबू मार रहा है, किसी को दिखाई नहीं देता क्या? कितने सफाई कर्मी हैं यहां, किसी को कुछ दिखाई नहीं देता। उन्होंने दवा डालकर पानी साफ करने निर्देश दिया।

**चारों तरफ दवा का छिड़काव कराएं:** नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने इंजीनियर आदित्य पांडे से कहा की पार्क के चारों तरफ कीटनाशक का छिड़काव कराएं, जिससे जहरीले जीव जंतु पार्क में न घुसें।

### नगरपालिका सभागार में स्वच्छता विभाग की बैठक हुई

# सभापति जाधव ने कहा-हर वार्ड में कीटनाशक का छिड़काव हो

### 3 जोन बनाकर सफाई व्यवस्था की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश

**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने स्वच्छता विभाग की बैठक नगरपालिका सभागार में आयोजित की। बैठक का मुख्य मुद्दा स्वच्छता कार्यो का ऑनलाइन फीडबैक अधिक से अधिक संख्या में कराने का रहा। इसके अलावा लापरवाह और लगातार अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को नगर पालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने सीएमओ रितु मेहरा को कहा।

बैठक में स्वास्थ्य समिति सभापति राकेश जाधव, स्वच्छता निरीक्षक आरके तिवारी मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने कहा कि शहर हमारा, सबसे सुंदर बनाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है, अब जनता की बारी है। स्वच्छता पर ऑनलाइन फीडबैक देना है, इसके लिए एक लिंक सोशल मीडिया पर उपलब्ध कराई गई है, उस लिंक को आम जनता द्वारा भरना है। श्री चौरे ने सफाई विभाग के समस्त कर्मचारियों के अलावा अन्य कर्मचारियों को भी निर्देशित किया है कि अपने



क्षेत्र के नागरिकों से ऑनलाइन फीडबैक करवायें।


नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बैठक में कहा कि जो भी कर्मचारी सफाई कार्य में लापरवाही बरत रहा है और लगातार अनुपस्थित रह रहा है, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। किसी प्रकार की भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को शहर को तीन जोन में बांटकर काम करने के निर्देश दिए। नगरपालिका सीएमओ रितु राय ने कहा स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य प्राथमिकता से कराएं। शहर को स्वच्छ बनाने में सभी का सहयोग लें।

सभापति राकेश जाधव ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में सफाई के साथ ही कीटनाशक का छिड़काव भी कराया जाए। बरसात के दिनों में जहरीले जीव जंतु अधिक होते हैं और मच्छर भी हो रहे हैं। नगर पालिका में उपयंत्री सुरेंद्र रावत को स्वच्छता विभाग का चार्ज दिया गया है। श्री रावत ने नगर पालिका में हाल ही में ज्वाइन किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में किया बिल पेश

# राजद्रोह कानून होगा समाप्त

## मॉब लिंचिंग व नाबालिग से रेप पर मौत की सजा





**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन नए बिल पेश किए। इनमें भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य बिल 2023 बिल शामिल हैं। ये बिल अंग्रेजों के समय के इंडियन पीनल कोड (आईपीसी), कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर (सीआरपीसी) और एविडेंस एक्ट की जगह लेंगे। तीनों बिल को जांच के लिए संसदीय कमेटी के पास भेजा जाएगा। इन बिलों में मॉब लिंचिंग और नाबालिग से रेप पर मौत की सजा का प्रावधान रखा गया है। इसके अलावा देशद्रोह से जुड़े मामलों को लेकर भी बदलाव किए गए हैं। अमित शाह ने तीनों बिल पेश करते हुए कहा कि पुराने कानूनों का फोकस ब्रिटिश प्रशासन को मजबूत बनाना और उसकी सुरक्षा करना था। इनके जरिए लोगों को न्याय नहीं सजा दी जाती थी। 1860 से 2023 तक देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम ब्रिटिश कानूनों के हिसाब से था। नए बिलों का उद्देश्य सजा नहीं, बल्कि न्याय देना है।

### नए कानून की भावना भारतीयों को अधिकार देने की

लोकसभा में बोलते हुए गृहमंत्री ने कहा कि इन तीनों कानूनों को रिप्लेस कर के इनकी जगह तीन नए कानून जो बनेंगे, उनकी भावना भारतीयों को अधिकार देने की होगी। इन कानूनों का उद्देश्य किसी को दंड देना नहीं होगा। इसका उद्देश्य होगा लोगों को न्याय देना। अमित शाह ने कहा कि 18 राज्यों, छह केंद्र शासित प्रदेशों, भारत की सुप्रीम कोर्ट, 22 हाईकोर्ट, न्यायिक संस्थाओं, 142 सासंद और 270 विधायकों के अलावा जनता ने भी इन विधेयकों को लेकर सुझाव दिए हैं। चार साल तक इस पर काफी चर्चा हुई है। हमने इस पर 158 बैठकें की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश के सामने 5 प्रण रखे थे। उनमें से एक प्रण था कि हम गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त कर देंगे। आज मैं जो 3 बिल लेकर आया हूं, वह तीनों विधेयक मोदी के लिए गए प्रण में से एक प्रण को पूरा कर रहे हैं।

### स्नैचरों पर चलेगा कानून का डंडा

शाह ने कहा कि स्नैचिंग के लिए चाहे महिलाओं की चेन हो या कुछ और कोई प्रावधान नहीं था। बहुत सारे लोग छिप जाते थे क्योंकि वो चोरी नहीं थी। स्नैचिंग का प्रावधान नहीं था। अब स्नैचंग का भी प्रावधान ले आया गया है। 324 में गंभीर चोट के कारण निष्क्रियता की स्थिति हो जाती थी तो महज 7 साल की सजा थी। किसी को थोड़ा लग जाए और वह एक सप्ताह में अस्पताल से बाहर आ जाए तो उसकी सजा को थोड़ा अलग किया गया है। अगर हमेशा के लिए अपंगता आती है तो इसकी सजा 10 साल या आजीवन कारावास।

### सरकार ने गठित की थी समिति

बता दें कि केंद्र सरकार ने आईपीसी, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय सबूत कानून 1872 में संशोधन के लिए एक आपराधिक कानून संशोधन समिति का गठन किया। इस समिति का प्रमुख दिल्ली स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के तत्कालीन वाइस चांसलर डॉ. रणबीर सिंह को बनाया गया। इस समिति के अन्य सदस्यों में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली के तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ. जीएस बाजपेयी, डीएनएलयू के वाइस चांसलर डॉ. बलराज चौहान और वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी, और दिल्ली डिस्ट्रिक्ट एंड सेशल कोर्ट के पूर्व जज जीपी थरेजा शामिल थे। फरवरी 2022 में इस समिति ने जनता से सुझाव के बावजूद सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी। अप्रैल 2022 में कानून मंत्रालय ने राज्य सभा में बताया कि सरकार आपराधिक कानूनों की समीक्षा कर रही है। शाह ने कहा कि डीजीपी को समय नहीं हो या फिर कोई डीजीपी साहब रिटायर हो गया। तो अब उसको बुलाने की जरूरत नहीं है। अब नए कानून के तहत उस समय के एसपी फाइल देखकर कोर्ट को बताएंगे। घोषित अपराधियों की संपत्ति की कुर्की का भी हम प्रावधान जोड़ रहे हैं। संगठित अपराध के लिए एक नया प्रावधान जोड़ रहे हैं, जो अंतरराज्यीय गैंग और संगठित अपराध के विरूद्ध एक कठोर सजा का प्रावधान है।

### भगोड़ों को सजा देने के लिए किए जाएंगे प्रावधान

दाऊद इब्राहिम काफी समय से भगोड़ा है। अब हमने तय किया है कि सत्र न्यायालय के जज किसी व्यक्ति की अनुपस्थिति में भी केस चला सकती है और फैसला सुना सकती है, फिर चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में हो। उसे सजा से बचना हो तो भारत आए और केस लड़ें। शाह ने कहा कि अपराधियों जो देश छोड़कर भाग जाते थे, उसके विरूद्ध 10 साल की सजा का प्रावधान लाया है। सजा माफी को राजनीतिक यूज करने वाले बहुत किस्से आते थे, अब हमने कह दिया है कि अगर किसी को सजा माफ करनी है मृत्यु की सजा को आजीवन कारावास और आजीवन कारावास की सजा को 7 साल तक ही माफ कर सकते हैं। 7 साल के कारावास को 3 साल ही माफ कर सकते हैं, अभी बिहार में कुछ मामले सामने आए हैं, किसी प्रकार से राजनीतिक रसूख वाले लोगों को छोड़ा नहीं जाएगा उनको भी सजा भुगतनी पड़ेगी।

23 दिनों तक संचालित मानसून सत्र का हुआ समापन

# लोकसभा में 45 व राज्यसभा में 63 प्रतिशत कामकाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके साथ ही मानसून सत्र समाप्त हो गया। इसके बाद एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि 23 दिनों तक चले सत्र के दौरान कुल 17 बैठकें हुईं। उन्होंने कहा कि लोकसभा की उत्पादकता करीब 45 फीसदी और राज्यसभा की 63 फीसदी है।

मणिपुर की स्थिति पर चर्चा और सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण दोपहर के भोजन से पहले के सत्र में उच्च सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित की गई। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि लोकसभा में कुल 22 विधेयक पारित किए गए, राज्यसभा में 25 विधेयक और दोनों सदनों में 23 विधेयक पारित किए गए। इसके अलावा आईपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता) को बदलने के लिए गृह मंत्रालय के तीन विधेयक ( सीआरपीसी), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को संसद की स्थायी समिति को भेजा गया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक कारणों से विपक्ष ने दिल्ली सेवा विधेयक के अलावा किसी भी अन्य बिल पर चर्चा में भाग नहीं लिया। वैसे, राज्यसभा में लगभग सभी विधेयकों पर चर्चा हुई। वहीं, अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में कुल 60 सदस्यों ने भाग लिया। एनडीए ने लोकसभा में ध्वनि मत से अविश्वास प्रस्ताव को आसानी से मात दी। दरअसल, विपक्ष ने 26 जुलाई को पीएम मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार कर लिया था। अविश्वास प्रस्ताव मणिपुर हिंसा को लेकर लाया गया था, जिसपर सत्ता पक्ष और विपक्षी गठबंधन के बीच तीखी बहस देखी गई। यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा है।

शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा को धोखाधड़ी की शिकायतों के बाद विशेषाधिकार हनन के आरोप में राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। उनका निलंबन सदन के नेता पीयूष गोयल द्वारा पेश किए गए एक प्रस्ताव के बाद हुआ, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) के लिए प्रस्तावित चयन समिति में बिना सहमति के उच्च सदन के कुछ सदस्यों के नाम शामिल किये जाने के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने कहा

# सागर में बनने वाला रविदास मंदिर सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट केन्द्र बनेगा



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य ने कहा कि सागर के बडतुमा में सौ करोड की लागत से बनने वाला संत रविदास का मंदिर सामाजिक समरसता का उत्कृष्ट केन्द्र बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संत रविदास के व्यक्तित्व और कृतित्व को समर्पित मंदिर और संग्रहालय की 12 अगस्त को आधारशिला रखेंगे। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री आर्य ने बताया कि मंदिर निर्माण में हर प्रदेशवासी की सहभागिता हो सके, इसके लिए गांव की एक मुट्ठी मिट्टी और नदी का जल एकत्रित किया गया, ताकि इसे मंदिर निर्माण में उपयोग किया जा सके। इस समागम में देश भर से 4 सौ से 5 सौ संत उपस्थित रहेंगे।

मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर्य ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए मध्य प्रदेश में समरसता यात्राएं निकाली गईं। प्रदेश के 5 स्थानों नीमच, मांडव धार, श्योपुर, बालाघाट और सिंगरौली से एक साथ 5 यात्राएं 25 जुलाई को प्रारम्भ हुई। यात्राएं प्रदेश के हर गांव से मिट्टी एवं सभी विकासखण्डों की 313 नदियों से जल का सांकेतिक संग्रहण करते हुए आज सागर आएंगी। आर्य ने बताया कि यह यात्राएं प्रदेश के 45 जिलों से होकर निकली। मुख्य यात्रा के साथ ही विभिन्न ग्रामों व नगरों में 1661 उपयात्राएं और कलश यात्राएं भी आयोजित हुईं। साथ ही यात्रा के दौरान 352 जन संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और 25 लाख से अधिक लोगों ने सहभागिता की। यात्रा में प्रदेश के 20,641 ग्रामों से मिट्टी और 313 नदियों का जल सांकेतिक रूप से एकत्रित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री अनिल सूद, विधायक सुभाष रामचरित्र, प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा, सुश्री नेहा बग्गा, बृजगोपाल लोया, मिलन भार्गव, गुलरेज शेख, मीडिया पैनलिस्ट श्रीमती वंदना मार्तण्ड त्रिपाठी, शुभम शुक्ला उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद में हुए निर्णय

# किसान कल्याण योजना : किसानों को अब 6 हजार रुपए सालाना मिलेंगे



- ग्राम पंचायत सचिवों को 7वें वेतनमान का लाभ
- 53 सीएम राइज विद्यालयों और 19 कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण को मिली मंजूरी

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य सरकार किसान कल्याण योजना के अंतर्गत किसानों को साल में 6 हजार रुपए वार्षिक का भुगतान करेगी। पहले यह राशि 4 हजार रुपए थी। अब किसानों को सालाना 6 हजार रुपए देने के प्रस्ताव पर मंत्री परिषद ने मुहर लगा दी है।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई मंत्रीपरिषद की बैठक कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में ग्राम पंचायत सचिवों को सातवें वेतनमान का लाभ देने का निर्णय लिया है। इस पर आने वाले अतिरिक्त व्ययभार राशि 178 करोड़ 88 लाख रुपए को गौण खनिज मद में अतिरिक्त रूप से उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया है। बैठक में प्रदेश में 53 सीएम राइज विद्यालयों और 19 कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण के लिए कुल 2491.91 करोड़ , स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 37 सर्वसुविधा संपन्न विद्यालयों के निर्माण के लिए अनुमानित लागत 1362 करोड़ 91 लाख रुपए और जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत 16 सीएम राइज विद्यालय के लिए 540 करोड़ और 19 कन्या शिक्षा परिसर के लिए 589 करोड़ की मंजूरी दी गई।

### सैनिक स्कूल का होगा निर्माण

बैठक में भिण्ड के मालनपुर में सैनिक स्कूल के निर्माण की स्वीकृति दी। सैनिक स्कूल का निर्माण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन से प्राप्त सौ करोड़ रुपए से किया जाएगा। सैनिक स्कूल के लिए फर्नीचर और संचालन के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा बजट का प्रावधान किया जाएगा।

### नए जिले मऊगंज में होगी 3 तहसीलें

मंत्रीपरिषद ने प्रदेश में नए जिले मऊगंज के गठन को मंजूरी दी है। रीवा की 3 तहसीलें मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी को शामिल कर नए मऊगंज जिले का गठन किया गया है। मऊगंज के लिए कलेक्टर का 1, अपर कलेक्टर का 1, संयुक्त कलेक्टर व डिप्टी कलेक्टर के 5, सहायक लेखाधिकारी वित्त विभाग (प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा से) के 1, अधीक्षक का 01, सहायक अधीक्षक के 2, ऑडिटर का 1, निज सहायक का 1, स्टेनोग्राफर का 1, सहायक ग्रेड-2 के 13, सहायक ग्रेड-3 के 25, स्टेनोटायपिस्ट के 3, कम्प्यूटर आपरेटर के 3, वाहन चालक के 6, जमादार का 1 और भृत्य के 31 पदों का सृजन किया गया है।

### गुलाना, और परसवाड़ा होगा नया अनुविभाग

मंत्रीपरिषद ने शाजापुर में नए अनुविभाग गुलाना के गठन की मंजूरी दी गई है। नए अनुविभाग में तहसील गुलाना के राजस्व निरीक्षक मण्डल गुलाना 1 के समस्त 20 हल्कें, राजस्व निरीक्षक मण्डल मंगलाज 2 के समस्त 12 हल्कें, राजस्व निरीक्षक मण्डल सलसलाई 3 के समस्त 12 हल्के इस प्रकार कुल 44 हल्कें शामिल होंगे। अनुविभाग गुलाना के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सहित कुल 12 पद स्वीकृत करने की मंजूरी मिली है। इसी प्रकार बैठक में बालाघाट में नवीन अनुविभाग परसवाड़ा के गठन की स्वीकृति दी गई। नवीन अनुविभाग परसवाड़ा में तहसील परसवाड़ा के पटवारी हल्का नम्बर 1 से 57 तक कुल 57 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे। अनुविभाग परसवाड़ा के के लिये अनुविभाग अधिकारी सहित कुल 12 पद स्वीकृत किये है। इसी प्रकार छतरपुर में नई तहसील सटई का गठन किया जाएगा। जिसमें तहसील बिजावर के राजस्व निरीक्षक मण्डल सटई कुल 31 पटवारी हल्के शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर हुआ अमल

# रीवा में 6 सौ परिवारों को अधिग्रहित का कब्जा दिलाने अधिसूचना जारी

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने रीवा में शहर के लगभग 600 परिवार को 40 साल बाद उनके पुश्तैनी भूमि / भवन पर मालिकाना हक सौंपे जाने के आदेश जारी किए है। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग ने इस संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा पर अमल करते हुए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि आज से लगभग 40 वर्ष पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा ने योजना क्रमांक 6 के अमल हेतु शहर की भूमि अधिग्रहित की थी, किंतु कालांतर में पूरी योजना पर अमल न होने के कारण बची हुई 32 एकड़ भूमि लौटाये जाने की मांग को लेकर भूमि स्वामी लगातार संघर्षरत थे। इस संबंध में पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेन्द्र शुक्ल ने उनकी पीड़ा को समझते हुए लगातार प्रयास करते रहे। श्री शुक्ल की पहल पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जमीन लौटा जाने की घोषणा रीवा के एक सार्वजनिक कार्यक्रम में की थी, जिसके परिपालन में आज विभाग ने आदेश जारी कर भूमि उपस्त्रहंत कर दी है। अधिग्रहित भूमि लौटाए जाने के संबंध में कोई स्पष्ट नियम ना होने के कारण मामले को मंत्रिपरिषद के समक्ष ले जाया गया तथा नए नियम बनाए गए जिसके परिपेक्ष में आज विभाग ने आदेश जारी किए है। जिससे लाभान्वित लगभग 600 परिवारों में हर्ष का माहौल व्याप्त है।

# भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने की पीएम स्वनिधि की समीक्षा

**भोपाल, देशबन्धु।** आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार श्री संजीत ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा की। श्री संजीत ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। नगरीय निकाय और बैंकों के संयुक्त प्रयासों से इस दिशा में और बेहतर कार्य किया जा सकता है। संयुक्त सचिव ने बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि पीएम स्वनिधि के तहत आने वाले आवेदनों को छोटे मोटे कारणों से निरस्त न करें, बल्कि स्थानीय निकायों के साथ मिलकर मामले सुलझायें। मिशन मोड में कार्य करते हुए हितग्राहियों को ऋण चुकाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही हितग्राहियों को ऋण की दूसरी और तीसरी किश्त लेने के लिए भी प्रेरित करें। श्री संजीत ने बैंक अधिकारियों से वन टू वन चर्चा भी की। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के लिए नये पंजीयन करने निकाय बैंकों के साथ समन्वय कर शिविर लगायें। इन शिविरों में बैंक द्वारा लौटाये गए आवेदनों एवं लंबित आवेदनों का निराकरण किया जाये। श्री यादव ने बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों को सुझाव दिया की प्रत्येक शाखा में एक अधिकारी अधिकृत करें जो पीएम स्वनिधि से संबंधित मामलों का समाधान करेगा।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक कल

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की चुनावी गतिविधियां तेज हो चुकी हैं, इसी के मद्देनजर अभा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे 22 अगस्त को सागर आ रहे हैं। वे यहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जानकारी से प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने अवगत कराया। उन्होंने बताया कि श्री खड़गे के आगमन की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर रविवार, 13 अगस्त को सागर जिले की लक्ष्मी नारायण बाटिका में पूर्वान्ह 11 बजे से एक बैठक रखी गई है। जिसमें प्रदेश कांग्रेस की ओर से पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, लखन घनघोरिया, अभा कांग्रेस के सचिव सह प्रभारी संजय कपूर मौजूद रहेंगे।

## पूर्व विधायक अभय और नीलम मिश्रा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की



**भोपाल, देशबन्धु।** रीवा के कांग्रेस नेता, पूर्व विधायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अभय मिश्रा और उनकी धर्मपत्नी पूर्व विधायक श्रीमती नीलम मिश्रा सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश शासन के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समक्ष ने पार्टी की सदस्यता प्रदान करते हुए उन्हें पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

मिश्रा दंपत्ति के साथ ही कांग्रेस जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुंदरिया आदिवासी, जनपद उपाध्यक्ष मिश्रीलाल तिवारी, भोले तिवारी, जनपद सदस्य राजेन्द्र सिंह भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अभय मिश्रा और श्रीमती नीलम मिश्रा ने कहा कि आज हमारी घर वापसी हुई है। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का आभार माना है।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में मप्र आगे

- 1074 गाँवों के समग्र विकास के लिए केन्द्र से मिले 210.90 करोड़
- सौ से ज्यादा विकास कार्य पूरे

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे है। योजना में ऐसे 1074 गाँवों को शामिल किया गया है जिनमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 50 प्रतिशत या उससे ज्यादा है। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने हर गाँव के लिए 20 लाख रूपये का आवंटन उपलब्ध कराया है। इन 1074 ग्रामों में विकास के लिए रूपये 210 करोड़ 90 लाख केन्द्र सरकार से मिले है। इस राशि के साथ कन्वर्जेन्स कर 4500 विकास कार्य पूरे कर लिए गये हैं तथा 3000 कार्य चल रहे हैं।

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल गाँवों में समग्र रूप से विकास सुनिश्चित करना है। इन गाँवों के लिए सामाजिक सुरक्षा, पोषण, सड़कें, आवास, विद्युत प्रदाय, स्वच्छता, ईंधन की उपलब्धता, कृषि, वित्तीय समावेश, डिजिटल सुविधा, जीवन-यापन और कौशल विकास से संबंधित करीब 50 ऐसे निगरानी योग्य संकेतक तैयार किए गए हैं जिनके आधार पर गाँव के विकास की समीक्षा की जा रही है। केन्द्र सरकार की सभी संबंधित योजनाओं और राज्य सरकार की योजनाओं को मिलाकर गाँव विकास रोडमैप तैयार किया गया है। यह योजना वर्ष 2014-15 से प्रारंभ की गई है। शुरूआत में इसमें प्रदेश के 327 गाँवों को शामिल किया गया था। वर्ष 2022 से योजना मापदण्ड में बदलाव कर न्यूनतम 500 जनसंख्या वाले गाँवों में अनुसूचित जाति समुदाय की कम से कम 40 प्रतिशत संख्या का मापदण्ड रखा गया है। इस आधार पर प्रदेश के 619 गाँवों को शामिल करने की कार्रवाई चल रही है।

**समन्वय समितियों का गठन :** जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना कन्वर्जेन्स समिति और गाँवों में सरपंच की अध्यक्षता में कन्वर्जेन्स समितियाँ गठित की गई हैं। इन समितियों द्वारा सभी संबंधितों से योजना, उसके उदेश्य, क्रियान्वयन, फंड की व्यवस्था विभिन्न विभागों को उनकी नियमित योजना और प्राप्त होने वाले बजट के कन्वर्जेन्स आदि विषयों पर चर्चा कर गाँव विकास योजना तैयार कर विकास की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिला स्तर पर जिला कलेक्टर योजना के प्रभारी एवं ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभा को योजना को जिम्मेदारी दी गई है। इस योजना में मुख्य रूप से दो प्रकार के कार्य किये जाते हैं। पहला ग्राम की विकास योजना तैयार कर ग्राम के समुचित अधोसंरचनात्मक विकास के लिए विभिन्न विकास विभागों की योजनाओं का कियान्वयन कराना। ऐसे कार्यों के लिए जिनमें विकास कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध होने में दिक्कत हो, वहाँ गैप-फिलिंग निधि से कार्य कराना। इस योजना में गाँवों के लोगों को विभिन्न विकास विभागों की योजनाओं का लाभ दिलाना। जैसे स्कूल जाने योग्य बच्चों का प्रवेश शालाओं में कराना। सभी बच्चों का टीकाकरण कराना। वृद्धावस्था एवं दिव्यांग जन पेंशन के लिए सभी पात्रों के बैंक खाते खुलवाना, आधार कार्ड बनवाना आदि। इसके अलावा पेयजल एवं सफाई व्यवस्था, ठोस एवं तरल कचरे के निराकरण, आँगनवाड़ियों में शौचालयों का निर्माण, आँगनवाड़ी भवनों का निर्माण, बारहमासी सड़कों का निर्माण, सोलर लाईट एवं स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करने जैसे कार्य किये जा रहे हैं।

# कुश्ती महासंघ चुनाव पर रोक

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 12 अगस्त को होने वाले भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर रोक लगा दी है। इससे पहले गुवाहटी हाईकोट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर रोक लगा दी थी। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर लगी रोक को हटा दिया था। भारतीय ओलंपिक महासंघ के मुताबिक भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव छह से 11 जुलाई के बीच होने थे। हालांकि बाद में 12 अगस्त की तारीख निर्धारित की गई। अब पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने अपने करीबी संजय सिंह को प्रत्याशी बनाया है। संजय सिंह का मुकाबला अनीता श्योराण से होगा। अनीता 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन हैं। हाल ही में गोंडा की एक रैली में बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि 25 में से 20 राज्य उनके साथ हैं। वाराणसी के रहने वाले संजय सिंह को उन्होंने प्रत्याशी बनाया है। चुनाव से पहले ही सांसद ने दावा किया कि हमारे गुट का प्रत्याशी ही अध्यक्ष बनेगा। कहा कि कुश्ती को लेकर बहुत मेहनत हुई है, आगे भी इसी तरह प्रयास जारी रहेगा। रोहतक स्थित हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ के प्रतिनिधियों को भी हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव में भाग लेने के लिए उन्हें फिलहाल अपात्र करार दे दिया है। इसके साथ ही नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों न वोट डालने पर रोक लगा दी जाए। हरियाणा कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव इंद्रजीत सिंह ने याचिका दाखिल करते हुए हाईकोर्ट को बताया कि हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ रोहतक को मान्यता नहीं है

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**नफरत भरे भाषण को....** बावजूद किसी भी समुदाय के खिलाफ कोई घृणास्पद भाषण न दिया जाए और कोई शारीरिक हिंसा या संपत्तियों को नुकसान न हो। यह देखते हुए कि नफरत फैलाने वाले भाषण माहौल को खराब करते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा था कि जहां भी आवश्यक हो पर्याप्त पुलिस बल या अर्धसैनिक बल तैनात किया जाए और पुलिस सहित प्राधिकारी सभी संवेदनशील क्षेत्रों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों का उपयोग करेंगे या वीडियो रिकार्डिंग करेंगे या कराएंगे।

**मणिपुर में शांति बहाली नहीं....** किसी सभा में बोलें। संसद में मणिपुर पर चर्चा हो रही थी। उस पर वे कुछ नहीं बोले। उन्होंने कहा कि मणिपुर में हजारों हथियार जो लूटे गए, वो सरकार के नीचे ही लूटे गए। जो हिंसा चल रही है, तो क्या अमित शाह ये चाहते हैं कि ये हिंसा चलती जाए। जो वहां हो रहा है, वह सीएम के रहते हुए ही हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं करीब 19 साल से राजनीति में हूं और करीब हर राज्य में, चाहे बाढ़ आए, सुनामी आए, हिंसा हो, हम जाते हैं। 19 साल के अनुभव में मैंने जो मणिपुर में देखा, वह मैंने पहले कभी नहीं सुना। मैंने संसद में कहा कि अमित शाह जी और नरेंद्र मोदी जी ने मणिपुर में भारत की हत्या की।

मोदी के सवालों का जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि मणिपुर जल रहा और मोदी हंस-हंस कर बोल रहे थे, ये उनको शोभा नहीं देता। अगर हिंदुस्तान में कहीं हिंसा हो रही है तो उन्हें इस तरह हंस-हंसकर नहीं बोलना चाहिए। मैं करीब 19 साल से राजनीति में हूं। मैं हर स्टेट में गया। बाढ़, सुनामी, हिंसा होती है, हम जाते हैं। 19 साल के अनुभव में मैंने जो मणिपुर में देखा, कहीं नहीं देखा। मणिपुर के लिए जो मैंने कहा कि भारत माता की हत्या कर दी है, ऐसे नहीं कहा था। प्रधानमंत्री को ये पता नहीं लग रहा है कि हमारे देश में क्या हो रहा है। वो जा नहीं सकते तो वहां के बारे में बोलें तो। जो मणिपुर में हो रहा है, सेना उसे दो दिन में रोक सकती है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।